

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल



■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 306

ग्वालियर, गुरुवार, 30 दिसम्बर, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.

## खास खबर

### ओमिक्रोन के कारण कपिल शर्मा के शो की शूटिंग में एक हफ्ते ब्रेक

**मुंबई।** देश और दुनिया में कोविड-19 का खतरा फिर तेजी से बढ़ रहा है। कोरोना के नए वेरिएंट ओमिक्रोन ने पैर पसारना शुरू कर दिया है,इसके बाद फिर लॉकडाउन वाले हालात दिख रहे हैं। ओमिक्रोन के खतरे से बचने के लिए द कपिल शर्मा शो ने भी ब्रेक लेने का फैसला लिया है। खबर है कि कपिल शर्मा के शो ने फिलहाल एक हफ्ते ब्रेक लेने का फैसला लिया है। शो की जज अर्चना पूरण सिंह ने बताया कि फिलहाल उनके शो ने एक हफ्ते का ब्रेक लिया है। उन्होंने बताया कि यह फैसला सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है, ताकि आगे सबकुछ ठीक रहे। फिल्म कलाकारों, फिल्म निर्माण से जुड़े कामगारों और तकनीशियनों की संस्था फेडरेशन ऑफ़ वेस्टर्न इंडिया सिने एम्प्लॉईज (एफडब्लूआसीई) के अध्यक्ष बी एन तिवारी ने भी बातचीत की। उन्होंने कहा, ओमिक्रोन को लेकर डर बहुत है, माहौल गर्म है। सरकार की तरफ से हमें अभी कोई निर्देश नहीं आया है, फिर भी हमें देखना है कि क्या एहतियात बरता जाए। जैसा कि दिल्ली बंद हो गया, तब मुंबई भी मुश्किलों में है। अभी सरकार का दवाब नहीं आया है।

### अब सिद्धू ने उठाई पंजाब में सीएम उम्मीदवार घोषित करने की मांग

**नई दिल्ली।** सिद्धू ने कहा, पिछली बार आप ने सीएम फेस तय नहीं किया था और उन्हें नुकसान हुआ था। पिछली बार मैं ही आम आदमी पार्टी पर तंज कस रहा था कि आखिर आपका दूल्हा कहां है। इस बार लोग हमसे भी यही सवाल पूछ सकते हैं। हालांकि सिद्धू ने यह भी कहा कि चुनाव में दो चीजें अहम होती हैं मुद्दा या फिर नेता का चेहरा। यह कांग्रेस हाईकमान को तय करना है कि वह मुद्दे के साथ जाता है या फिर चेहरे के साथ। इसके अलावा उन्होंने पुलिस को लेकर दिए अपने विवादित बयान को लेकर भी कहा कि यदि मेरी बात किसी को गलत लगी है तो मैं माफी मांगता हूं। गौरतलब है कि पंजाब में टिकटों के बंटवारे को लेकर भी खींचतान की खबरें आ रही हैं। सीएम फेस को लेकर पार्टी ने किसी नेता का ऐलान नहीं किया है। लेकिन माना जा रहा है कि जीत मिलने पर चन्नी का पलड़ा भारी होगा क्योंकि वह यह दावा कर सकते हैं कि उनकी लीडरशिप में जीत मिली है। ऐसे में उन्हें हटा पाना मुश्किल होगा। शायद यही वजह है कि नवजोत सिंह सिद्धू इलेक्शन से पहले ही सीएम फेस का ऐलान किए जाने की मांग करने लगे हैं। गौरतलब है कि चरणजीत सिंह चन्नी के सीएम बनने के बाद कई मुद्दों पर ऐतराज जताते हुए सिद्धू ने प्रदेश अध्यक्ष पद से इस्तीफा भी दे दिया था। हालांकि हाईकमान के दखल के बाद वापस लेकर फिर काम शुरू कर दिया था।

### तुम हमें वोट दो, हम तुम्हें 50 रुपये बोतल शराब देंगे

**विजयवाड़ा।** आंध्र प्रदेश के भाजपा अध्यक्ष सोमू वीरराजू ने प्रदेश के लोगों से भाजपा को वोट देने की अपील करते हुए एक अजीब वादा भी किया। विजयवाड़ा में एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा, भाजपा को एक करोड़ वोट दें। हम सिर्फ 70 रुपये में शराब मुहैया कराएंगे। अगर हमारे पास और राजस्व बचा है, तो सिर्फ 50 रुपये में शराब उपलब्ध कराएंगे। बिहार में एक ओर जहां बीजेपी के गठबंधन की नीतीश सरकार शराब बंदी को लेकर चर्चा में रहती है वहीं आंध्र प्रदेश के बीजेपी नेता ने शराब को लेकर ऐसा बयान दिया है जिससे बीजेपी की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। उन्?होंने कहा कि अगर आप बीजेपी को जिताते हैं तो प्रदेश में शराब काफी सस्?ती हो जाएगी । अगर आप भाजपा को एक करोड़ वोट दें तो हम सिर्फ 70 रुपये में शराब मुहैया करा सकते हैं। उन्होंने यहां तक कह दिया है कि अगर हमारे पास और राजस्व बचा है, तो सिर्फ 50 रुपये में शराब उपलब्ध कराएंगे।

### पांच साल की बच्ची से दुष्कर्म और हत्या के दोषी को ताउम्र कैद के साथ ही एक लाख का जुर्माना

**सूरत।** सूरत की अदालत ने पांच साल की मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म और उसकी हत्या के दोषी को आज ताउम्र कारवास की सजा सनाई है। साथ ही एक लाख रुपए का जुर्माना भी किया है। कोर्ट ने पीड़ित परिवार को रु. 20 लाख का मुआवजा देने का भी आदेश दिया है। करीब डेढ़ साल पुरानी यह घटना सूरत के हजीरा की है। हजीरा में रहनेवाले एक श्रमिक परिवार की पांच साल की बच्ची का चॉकलेट की लालच देकर मध्य प्रदेश का मूल निवासी सुजीत मुन्नीलाल साकेत नाम शख्स 20 अप्रैल 2020 अपहरण कर लिया था। जिसके बाद सुजीत ने मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म किया था और बाद में उसके सिर पर ईंट के कई वार कर उसे मौत के घाट उतार दिया और फरार हो गया था। हांलाकि सूरत की इच्छापोर पुलिस ने दिन-रात एक कर आरोपी सुजीत साकेत को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया।

## जम्मू-कश्मीर और उत्तराखंड के भी कई हिस्सों में हिमपात की वजह से जनजीवन अस्त-व्यस्त

# कश्मीर से दार्जिलिंग तक बर्फ से ढकीं वादियां

**कश्मीर।** पश्चिम बंगाल के सिलिगुड़ी और हिमालय की गोद में बसे छोटे से सिक्किम राज्य में बुधवार सुबह से भारी बर्फबारी जारी है। बर्फबारी की वजह से जगह-जगह पर्यटकों के वाहन फंस गए हैं। ऊपरी सिक्किम के लाचुंगी, और दार्जिलिंग के संडकफू, फलूत, टाइगर हिल, घूम, आलूबाड़ी जैसे इलाके बर्फ की मोटी चादरों से ढंक गए हैं। वहीं, जम्मू-कश्मीर और उत्तराखंड के भी कई हिस्सों में हिमपात की वजह से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। बर्फबारी की वजह से इन इलाकों में पर्यटकों की संख्या बढ़ने की उम्मीद की जा रही है। ऐसे में सिक्किम ने पर्यटकों को एडवाइजरी जारी कर मौसम में सुधार होने तक घरों में रहने की सलाह दी है। सिक्किम में कई जगह बिजली और मोबाइल नेटवर्क जाने से आम जीवन पर असर पड़ा है। रविवार को ही एक हजार से ज्यादा पर्यटक पूर्वी सिक्किम में भारत-चीन सीमा के पास फंस गए थे। इन पर्यटकों को सेना ने बचाया। लगातार दो दिनों तक बर्फबारी और बारिश के चलते कश्मीर घाटी में मंगलवार को शीतलहर लौट आई एवं पारा हिमांक बिंदु के नीचे चला गया जबकि श्रीनगर उसका अपवाद रहा। उत्तरी कश्मीर के प्रसिद्ध पर्यटन केंद्र गुलमर्ग में पारा शून्य के नीचे 9.4 डिग्री सेल्सियस तक लुढ़क गया। आज का न्यूनतम तापमान कल की तुलना में 3.4 डिग्री कम रहा। वार्षिक अमरनाथ यात्रा के लिए आधार शिविर के रूप में उपयोग में आने वाले पहलगाम में न्यूनतम तापमान शून्य से 7.9 डिग्री नीचे रहा जबकि उसकी पिछली रात यह शून्य के नीचे 4.1 डिग्री था।



अधिकारियों के मुताबिक केवल श्रीनगर में न्यूनतम तापमान हिमांक के ऊपर रहा, यहां पारा 1.4 डिग्री तक लुढका । कश्मीर घाटी फिलहाल 40 दिनों की भयंकर सर्दी के दौर में दाखिल हुई जिसे %चिल्ल-ई-कलां% कहा जाता है। %चिल्ल-ई-कलां% एक ऐसा काल है जब सर्दी पूरे क्षेत्र में अपने गिरफ्त में लिये रखती है और तापमान काफी घट जाता है। यहां डल झील समेत घाटी के जलाशय एवं जलापूर्ति लाइनों में पानी बर्फ बन जाता है। इस दौरान हिमपात की संभावना अक्सर रहती हैं तथा ज्यादातर क्षेत्रों खासकर ऊंचाई वाले इलाकों में भारी से बहुत अधिक हिमपात होता है। कश्मीर में %चिल्ल-ई-कलां% 31जनवरी को खत्म होगा लेकिन उसके बाद भी शीतलहर रहती है और फिर 20 दिनों का %चिल्लई-खुर्द% और 10 दिनों का %चिल्लई बच्चा% का दौर आता है। बदरीनाथ और केदारनाथ मंदिर के आस-पास के क्षेत्रों में मंगलवार को ताजा बर्फबारी हुई, जिससे निचले क्षेत्रों में ठंड और बढ़ गई। वहीं, राज्य के मैदानी इलाकों में दिन में ज्यादातर समय आसमान में बादल छाए रहे। देहरादून में भी ठंड का प्रकोप रहा, जहां सूर्य दोपहर के समय महज कुछ देर के लिए निकला। आपदा प्रबंधन कार्यालय ने यहां बताया कि बदरीनाथ में बर्फबारी रुक- रुक कर होती रही, जबकि केदारनाथ में सुबह में हल्का हिमपात हुआ। मौसम विभाग ने बताया कि मुक्तेश्वर राज्य में सबसे ठंडा स्थान रहा। वहां न्यूनतम तापमान 1.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## शीतलहर से कांपा मप्र



**भोपाल।** उत्तरी भारत में हो रही बर्फबारी का असर मध्यप्रदेश पर भी देखने को मिल रहा है। बीते 24 घंटे में 22 से ज्यादा जिलों में तेज और रिमझिम बारिश के साथ ओले भी गिरे। शीतलहर ने कंपकंपा दिया है। प्रदेश के कई जिलों में रात का पारा 10 डिग्री सेल्सियस के नीचे चल रहा है। मंगलवार की रात धार और पचमढ़ी सबसे ठंडे रहे। यहां तापमान 9 डिग्री दर्ज किया गया। ग्वालियर में रात का तापमान 10 डिग्री रहा। बुधवार दोपहर 12 बजे तक कई जिलों में सूरज के दर्शन नहीं हुए। लोग ठंड से बचने के जतन करते हुए दिखाई दे रहे हैं। भोपाल में रात का तापमान 12.4 डिग्री रहा। कई जगह पर लोग अलाव तापते नजर आ रहे हैं।

**इन जिलों में हुई बारिश:** मलांजखंड में करीब 2 इंच बारिश हुई। मंडला और उमरिया में सवा इंच, रीवा में 1 इंच बारिश दर्ज की गई। रीवा, जबलपुर, सागर, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, पचमढ़ी में आधा इंच से ज्यादा बारिश हुई। भोपाल, सतना, दमोह, छतरपुर, ग्वालियर, सीधी, रायसेन, होशंगाबाद, उज्जैन, गुना, इंदौर, शाजापुर, दतिया और राजगढ़ में भी रिमझिम बारिश हुई। मध्यप्रदेश में न्यू ईयर की शाम कड़ाके की ठंड रहेगी। नए साल का पहला दिन भी खासा ठंडा रहने वाला है। पाकिस्तान से आने वाली नमी भरी हवाओं के कारण प्रदेश में मौसम का मिजाज बदला है। मंगलवार को 22 से ज्यादा जिलों में बारिश दर्ज की गई। कई शहरों में रात और दिन का तापमान एक जैसा रहा।

## साल 2021 में खूब चला दीदी खेला होबे बंगाल भाजपा के लिए अभी भी दूर की कौड़ी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का विधानसभा चुनाव में दिया नारा 'खेला होबे' इस पूरे साल चर्चा का केन्द्र बना रहा...वहीं, सत्ता में फिर ममता की वापसी और भाजपा की हार के बीच राज्य में राजनीतिक उथर-पुथल देखी गई। राज्य विधानसभा चुनाव में प्रचंड जीत हासिल करने के बाद तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सुप्रीमो ममता बनर्जी ने लगातार तीसरी बार बंगाल की मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली। हालांकि नंदीग्राम सीट पर उन्हें हार का सामना करना पड़ा। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता शुभेंदु अधिकारी ने बड़ा उलट-फेर करते हुए नंदीग्राम सीट पर बनर्जी को मात दी। बाद में बनर्जी ने अपने गढ़ भवानीपुर में उपचुनाव में रिकॉर्ड अंतर से जीत हासिल की। बंगाल में चुनाव के हुई राजनीतिक हिंसा ने राज्य को हिलाकर रख दिया और चुनाव में धोखाधड़ी के आरोप भी लगाए गए। केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और बंगाल पुलिस का एक विशेष जांच दल (एसआईटी) विधानसभा चुनाव के बाद हुई हिंसा के मामलों की जांच कर रहा है, जिसमें कई लोग हताहत हुए और मकानों तथा कई इमारतों में आग लगा दी गई थी।



## सीएम योगी ने बढ़ाई रसोइयों-अनुदेशकों की सैलरी

**नई दिल्ली।** सीएम योगी ने प्रदेश के प्राइमरी स्कूलों में काम करने वाले रसोइयों और अनुदेशकों को बड़ी सौगात दी। आज लखनऊ में आयोजित रसोइयों और अनुदेशकों के सम्मेलन में उनके लिए बढ़े हुए मानदेय का ऐलान किया। अंशकालिक अनुदेशकों का मानदेय दो हजार रुपए बढ़ाया गया है। जबकि रसोइयों के मानदेय में 500 रुपए की बढ़ोत्तरी हुई है। रसोइयों को साल में दो साड़ियां भी मिलेंगी। इसे अलावा हर रसोइये को 5 लाख का स्वास्थ्य बीमा भी उपलब्ध कराया जाएगा। सीएम ने कहा कि जितने भी रसोइया हैं उन्हें बेसिक शिक्षा परिषद की तरफ से दो साड़ी देंगे। एप्रन और हेयर कैप का पैसा रसोइयों के खाते में देने की व्यवस्था परिषद करेगा। हर रसोइया को 5 लाख के स्वास्थ्य बीमा से जोड़ा जाएगा। रसोइया के अतिरिक्त मानदेय को 500 रुपये बढ़ाया जाएगा। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश में अनुदेशक और रसोइया लंबे समय से मानदेय बढ़ाने की मांग कर रहे थे। इस मौके पर सीएम ने कहा कि पिछले साढ़े चार वर्षों में बेसिक शिक्षा विभाग में बड़े सकारात्मक परिवर्तन आए हैं।





# अमित शाह ने अपने संसदीय क्षेत्र गांधीनगर में 1413 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण किया

**गांधीनगर।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारी मंत्री अमित शाह ने बुधवार को अपने संसदीय क्षेत्र गांधीनगर में 1413 करोड़ के विकास कार्यों का ई लोकार्पण किया। गांधीनगर के रायसण स्थित स्वर्णिम संस्कृति केन्द्र में आयोजित कार्यक्रम में 2 अर्बन हेल्थ डेवलपमेंट सेंटर और गांधीनगर के अलग अलग इलाकों में 14 जितने उद्यानों का केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली से वर्च्युअली लोकार्पण किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल, गांधीनगर के प्रभारी मंत्री एवं गृह राज्यमंत्री हर्ष संघवी, महापौर हितेश मकवाणा और गांधीनगर महानगर पालिका के पदाधिकारी और अधिकारी उपस्थित रहे। केन्द्रीय गृह मंत्री और गांधीनगर के सांसद अमित शाह ने अपने संसदीय क्षेत्र में 2 पीएचसी, 14 उद्यानों के



लोकार्पण के साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 468 आवासों का भी ई शिलान्यास किया। इस मौके पर अमित शाह ने कहा कि कोरोनाकाल के बावजूद गांधीनगर लोकसभा क्षेत्र में 1413 करोड़ रुपए के 1261 जितने जनहित के कार्यों का लोकार्पण किया गया है। अमित शाह ने लोगों से कोविड नियमों का पालन करने की अपील करते हुए कहा कि कोरोना अभी खत्म नहीं हुआ है, वह फिर एक बार अपना रूप बदल कर हमारे बीच आ गया है। ऐसे में सभी लोगों को सावधान रहना जरूरी है। अमित शाह ने कहा कि मैं गुजरात के मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य विभाग समेत गांधीनगर के अधिकारोयं के साथ कोरोना की स्थिति को लेकर वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से जानकारी प्राप्त करता हूं। कोरोना के खिलाफ लड़ाई में प्रशासन के साथ लोगों का भी सहयोग जरूरी है।



## न्यूज़ ट्रैक....

### एशेज सीरीजि में इंग्लैंड के प्रदर्शन पर शर्मिंदा हैं वॉन और बॉथम

**मेलबर्न ।** एशेज सीरीज में इंग्लैंड की करारी हार से टीम के पूर्व कप्तान माइकल वॉन और इयान बॉथम बेहद दुखी हैं। इन दोनो का ही मानना है कि टीम के ऐसे लचर प्रदर्शन से वह शर्मिंदा हैं। ऑस्ट्रेलिया ने तीसरा टेस्ट एक पारी ओर 14 रनों से जीता है। इसी के साथ ही ऑस्ट्रेलियाई टीम को सीरीज में 3-0 की अजेय बढ़त भी मिली है। टीम के खराब प्रदर्शन को देखकर वॉन ने कहा कि अगर कप्तान जो रूट की यह टीम साल 2023 में अपनी धरती पर भी हार जाती है तो उन्हें कोई हैरानी नहीं होगी। उन्होंने कहा, यह आसान समय नहीं है। इंग्लैंड की तैयारी अच्छी नहीं रही थी पर हार के लिए इसका बहाना नहीं बनाया जा सकता है। अगर आप बहाना बनाना चाहते हैं तो बना सकते हैं पर यह सही है कि पिछले कुछ समय से टीम अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रही है। इसका कारण है कि उसका ध्यान सीमित ओवरों के क्रिकेट पर ही है। वहीं अपने समय के सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडरों में से एक इयान बाथम ने कहा कि इंग्लैंड की टीम राह से भटक गई है। उन्होंने कहा, मैं शर्मिंदा हूं। बारह दिन के भीतर एशेज हारना शर्मनाक है। इसपर कोई बहाना नहीं बनाया जा सकता है। इंग्लैंड की टीम राह से भटक गई है। हमें आत्ममंथन करने की जरूरत है।'' वहीं ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने कहा कि उनकी टीम सीरीज 5-0 से जीतने की कोशिश करेगी।

### 27 जनवरी से पीएसएल मुकाबले

**लाहौर ।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) मुकाबलों के लिए तारीखों की घोषणा कर दी है। इसमें मुल्तान सुल्तान का मुकाबला अगले साल 27 जनवरी को पीएसएल 2022 के उद्घाटन मैच में मेजबान टीम कराची किंग्स से होगा। वहीं साल 2019 चैंपियन क्वेटा ग्लैडिएटर्स पहले दिन पेशावर जाल्मी का सामना करेगी। इस 32-दिवसीय और 34 मैचों के टूर्नामेंट में खेले जाने वाले 6 डबल-हेडर (एक दिन में दो मैच) वाले मुकाबले होंगे। इसमें पहला मैच मुल्तान सुल्तांस 2020 के उपविजेता लाहौर कलंदर्स से होगा, जिसके बाद कराची किंग्स और क्वेटा ग्लैडिएटर्स खेलेगी। इसमें इस्लामाबाद जब पेशावर जाल्मी से खेलेगी तो शाम का मैच कराची किंग्स और लाहौर कलंदर्स के बीच खेला जाएगा। कराची के बाद गद्दाफी स्टेडियम में 27 जनवरी से 7 फरवरी तक 15 मैच खेले जाएंगे। यहां शेष 15 लीग मैच और चार प्लेऑफ मुकाबले भी 10 से 27 फरवरी तक होंगे। पीसीबी के अनुसार पीएसएल ड्राफ्ट 2022 12 दिसंबर को लाहौर के हाई-परफॉर्मेंस सेंटर में आयोजित किया जाएगा।

### माराडोना के छोटे भाई का निधन

**नेपल्स ।** अर्जेंटीना के महान फुटबॉलर दिवंगत डिएगो माराडोना के छोटे भाई ह्यूगो माराडोना का निधन हो गया है। 52 साल के ह्यूगो भी फुटबॉलर रहे हैं। वहीं इटली के क्लब नैपोली की ओर से खेलते थे। क्लब ने ही ह्यूगो निधन की घोषणा की है हालांकि उनकी मौत कैसे हुई। यह नहीं बताया गया है। माराडोना के सिफारिश पर ही नैपोली ने साल 1987 में ह्यूगो को असकोली क्लब से खरीदा था। ह्यूगो ने इसके अलावा रायो वालेकानो, रैपिड वियना और दुनिया के कई अन्य क्लबों की ओर से भी खेला था। वह नेपल्स में रहते थे। माराडोना का 13 महीने पहले दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया था। उन्हें घर पर ही दिल का दौरा पड़ा था। माराडोना की इससे पहले सर्जरी भी हुई थी। उन्होंने साल 1986 में अर्जेंटीना को फुटबॉल विश्वकप जिताया था।

# शमी की शानदार गेंदबाजी से भारत टीम ने दक्षिण अफ्रीका पर कसा शिकंजा

**सेंचुरियन ।** तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी सहित सभी गेंदबाजों के अच्छे प्रदर्शन की बदौलत भारतीय टीम ने यहां पहले क्रिकेट टेस्ट मैच में मेजबान दक्षिण अफ्रीका पर शिकंजा कस दिया है। भारतीय टीम ने इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए 327 रन बनाये थे जिसके जवाब में तीसरे दिन दक्षिण अफ्रीकी टीम अपनी पहली पारी में 197 रनों पर ही आउट हो गयी थी। इस प्रकार भारतीय टीम ने इस मैच में पहली पारी के आधार पर 130 रनों की अच्छी खासी बढ़त हासिल की है। इसके बाद बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने के समय तक अपनी दूसरी पारी में एक विकेट के नुकसान पर 16 रन बना लिए थे। इस प्रकार भारतीय टीम की कुल बढ़त बढ़कर 146 रन हो गयी जबकि अभी दो दिनों का खेल बचा हुआ है। दूसरी पारी में भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल केवल चार रन बनाकर पेवेलियन लौट गये। इसके बाद नाइटवाचमैन शार्दुल ठाकुर चार रन बनाकर नाबाद रहे। वहीं सलामी बल्लेबाज लोकेश राहुल पांच रन बनाकर खेल रहे थे।

इससे पहले दक्षिण अफ्रीकी टीम की बल्लेबाजी के दौरान भारतीय टीम की ओर से शमी ने 44 रन देकर पांच विकेट लिए जबकि जसप्रीत बुमराह ने 16 रन देकर दो लिए। शार्दुल ठाकुर ने 51 रन देकर दो विकेट लिए। वहीं मोहम्मद सिराज ने 45 रन देकर एक विकेट लिया। दक्षिण अफ्रीका की ओर से टेम्बा बावुमा ने 52 और क्विंटन डिकॉक ने 34 रन बनाये। इनके बीच पांचवें विकेट के लिए 72 रन की साझेदारी हुई। इसके बाद कोई और साझेदारी न होने से टीम बड़ा स्कोर नहीं बना पायी।

## टेस्ट क्रिकेट में 200 विकेट लेने वाले भारत के पांचवें तेज गेंदबाज बने शमी



**सेंचुरियन ।** टीम इंडिया के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने यहां पहले क्रिकेट टेस्ट मैच के तीसरे दिन दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहली पारी में 5 विकेट लेने के साथ ही एक अहम उपलब्धि अपने नाम की है। इसी के साथ ही शमी टेस्ट क्रिकेट में 200 विकेट लेने वाले भारत के 11वें और 5वें तेज गेंदबाज बने हैं। उनसे पहले महान ऑलराउंडर कपिल देव , इशांत शर्मा, जहीर खान और जवागल श्रीनाथ ने ही तेज गेंदबाज के तौर पर पांच विकेट लिए हैं। शमी ने दक्षिण अफ्रीका के कैगिसो रबाडा को आउट करते ही टेस्ट क्रिकेट में अपने 200 विकेट पूरे किए। उन्होंने अपने 55वें टेस्ट और 9896 गेंद में यह मुकाम हासिल किया। शमी का यहां तक का सफर आसान नहीं रहा। कभी फिटनेस कभी खराब फॉर्म और कभी निजी जिंदगी के विवादो से उनका करियर प्रभावित हुआ। इसके बाद भी हर परेशानी को पीछे छोड़ते हुए वह दोबारा मैदान पर लौटे और पहले से भी ज्यादा सफल रहे। शमी के करियर में एक समय ऐसा भी आया है, जब निजी जिंदगी में मची उथल-पुथल के कारण उन्होंने क्रिकेट छोड़ने तक का मन बना लिया था। तब मुख्य कोच रवि शास्त्री और पूर्व गेंदबाजी कोच भरत अरुण इस गेंदबाज की सहायता में सामने आये।

## इंग्लैंड के बल्लेबाज इस साल 54 बार शून्य पर आउट



**मेलबर्न ।** ऑस्ट्रेलिया के हाथों एशेज सीरीज के तीसरे टेस्ट में मिली करारी हार के साथ ही इंग्लैंड के नाम एक ऐसा रिकार्ड दर्ज हो गया है जिसे टीम भूलना चाहेगी। इस मैच में इंग्लैंड को एक पारी और 14 रनों से हार का सामना करना पड़ा है। इसके साथ ही मेजबान टीम ने 3-0 से सीरीज में अजेय बढ़त हासिल कर ली है। .इंग्लैंड की दूसरी पारी की बात करें तो डेविड मलान, जैक लीच, मार्क वुड और ऑली रॉबिनसन खाता नहीं खोल सके। इंग्लैंड के बल्लेबाज इस साल 2021 में 54 बार शून्य पर आउट हुए हैं। 144 साल से टेस्ट क्रिकेट खेल रही इंग्लैंड की टीम के साथ सिर्फ दूसरी बार ऐसा हुआ है। इससे पहले 1998 में इंग्लैंड के खिलाड़ी सबसे अधिक 54 बार शून्य पर आउट हुए थे। इस मुकाबले में पदार्पण करने वाले ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड ने दूसरी पारी में सिर्फ 7 रन देकर छह विकेट लिए। बोलैंड को इसके लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। इंग्लैंड के कप्तान जो रूट ने दूसरी पारी में 28 रन बनाए। इसके साथ ही एक कैलेंडर वर्ष में 1700 से ज्यादा टेस्ट रन बनाने वाले दुनिया के तीसरे बल्लेबाज बने हैं। रूट ने इस साल 15 टेस्ट की 29 पारियों में 61 की औसत से 1708 रन बनाये हैं। इसमें 6 शतक और 4 अर्धशतक हैं।

## सीएसके की ओर से खेलना चाहते हैं अश्विन



**मुम्बई ।** अनुभवी स्पिनर आर अश्विन आईपीएल के 2022 सत्र में महेन्द्र सिंह धोनी की कप्तानी वाली चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) की ओर से खेलना चाहते हैं। अश्विन ने कहा है कि सीएसके मेरे दिल के करीब है। उन्होंने कहा, 'सीएसके मेरे दिल के करीब है। मेरे लिए वह स्कूल की तरह ही है। यहां मैंने प्री केजी, एलकेजी, यूकेजी, प्राइमरी स्कूल की शिक्षा ली हालांकि बाद में मैं दूसरे स्कूल में चला गया।' उन्होंने कहा कि सबकुछ पूरा होने के बाद मैं भी घर वापस आना पसंद करूंगा हालांकि यह सब नीलामी पर निर्भर करेगा। जनवरी के अंतिम सप्ताह में मेगा नीलामी शुरु हो सकती है। उन्होंने कहा कि नीलामी में चीजें आसान नहीं रहने वाली हैं। 10 टीमें अलग-अलग रणनीति के साथ उतरेंगी। सबकी अपनी सोच है। हमें नहीं पता है कि हम किस टीम की अंतिम ग्यारह में फिट होंगे। उन्होंने कहा कि बतौर पेशेवर मैं किसी भी टीम में जाता हूं, तो अपना सौ फीसदी देने का प्रयास करूंगा। टीमें आप पर ब?ी राशि खर्च कर रही हैं और आप पर भरोसा का रही हैं। इसलिए उन्हें निराशा नहीं किया जा सकता है। अश्विन ने जून 2010 में टीम इंडिया की ओर से डेब्यू किया था। वे आईपीएल के शुरुआती चरण से सीएसके के साथ थे। 2015 तक उन्होंने फ्रेंचाइजी की ओर से 94 पारियों में 24 की औसत से 90 विकेट लिए हैं। टीम के 2 साल के लिए निलंबित होने के बाद वे 2016 और 2017 में पुणे की ओर से उतरे थे। वहीं साल 2020 सत्र में दिल्ली कैपिटल्स ने उन्हें शामिला किया था।

## ऋषि पर हैं मुम्बई, चेन्नई और राजस्थान की नजरें



**मुम्बई ।** हिमाचल प्रदेश को पहली बार विजय हजारे ट्रॉफी में जीत दिलाने वाले कप्तान ऋषि धवन ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा है। ऋषि ने इस टूर्नामेंट में अपने ऑलराऊंड प्रदर्शन से टीम को यह सफलता दिलाई है। धवन ने बतौर ऑलराऊंडर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 8 मैच में 458 रन बनाने के साथ ही 17 विकेट भी लिए। इस प्रदर्शन को देखते हुए ऋषि पर आईपीएल के अगले सत्र में मुंबई इंडियंस, चेन्नई सुपर किंग्स और राजस्थान रॉयल्स जैसी टीमें बड़े दांव लगा सकती हैं। मुंबई की टीम ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या के विकल्प के तौर पर ऋषि को शामिल कर सकती है। वहीं चेन्नई भी अपने मध्यक्रम को मजबूत करने के लिए धवन को शामिल कर सकती है। इसके अलावा राजस्थान की भी उनपर नजर रहेगी। वह बेन स्टोक्स और क्रिस मॉरिस की जगह इस युवा क्रिकेटर को जगह दे सकती है। इस क्रिकेटर ने अब तक टीम इंडिया के लिए 3 एकदिवसीय मैचों में 12, एक टी-20 मैच में एक रन बनाये हैं। वहीं, 79 फर्स्ट क्लास मैचों में उनके नाम पर 3702 रन हैं जबकि विकेट हैं 308। इसी तरह 109 लिस्ट ए मैचों में वह 2385 रन बनाने के साथ 158 विकेट भी बना चुके हैं। ट्वंटी-20 की बात की जाए तो उन्होंने 101 मैचों में 1423 रन बनाने के साथ 87 विकेट लिए हैं।

## इरफान पठान दूसरी बार पिता बने

**नई दिल्ली ।** भारतीय टीम के पूर्व क्रिकेटर इरफान पठान दूसरी बार पिता बने हैं। इरफान ने अस्पताल से एक तस्वीर शेयर कर अपने प्रशंसकों को यह खबर दी है। इरफान का पहले से ही एक बेटा भी है। इरफान ने साल 2016 में सऊदी अरब में पेशे से मॉडल रहीं सफा बेग से निकाह किया था। इरफान और सफा पहली बार 2016 में माता-पिता बने थे। तब इमरान का जन्म हुआ था। उस समय भी इरफान ने ट्वीट कर अपने पिता बनने की जानकारी दी थी। तब उन्होंने लिखा था, इस एहसास को बताना कठिन है। इसमें एक बेहतरीन सी कशिश भी है। हमें बेटा हुआ है। इरफान 2007 में टी20 विश्व कप जीतने वाली टीम इंडिया के सदस्य रहे थे।

## व्यापार न्यूज

### क्रूड ऑयल महंगा, पेट्रोल और डीजल के दामों में कोई बदलाव नहीं

**मुंबई।** देश में बीते दो महीनों से तेल की कीमतें स्थिर हैं। हालांकि इस दौरान वैश्विक बाजार में क्रूड ऑयल की कीमतें बढ़ीं हैं लेकिन भारतीय सरकारी कंपनियों ने दाम नहीं बढाए हैं। 4 नबंवर से 29 दिसंबर 2021 तक पेट्रोल और डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं हुआ है। देश के सभी राज्य के लोगों के लिए दाम वही होंगे जो मंगलवार को थे। इस हफ्ते क्रूड ऑयल की कीमतों में बड़ा इजाफा देखने को मिला है। आज सुबह डब्ल्यूटीआई रफूज आइल की कीमत 75.91 डॉलर प्रति बैरल है, वहीं ब्रेंट क्रूड ऑयल की कीमत 78.94 डॉलर प्रति बैरल है। आईओसीएल के अनुसार देश के चारों महानगरों में पेट्रोल की कीमत में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में पेट्रोल के दाम 95.41 रुपए प्रति लीटर पर हैं। वहीं दूसरी ओर कोलकाता, मुंबई और चेन्नई में पेट्रोल की कीमत क्रमशः 104.67 रुपए, 109.98 रुपए और 101.40 रुपए प्रति लीटर हैं। वहीं नई दिल्ली में डीजल के दाम 86.67 रुपए, कोलकाता में 89.79 रुपए, मुंबई में 94.14 रुपए और चेन्नई में 91.43 रुपए प्रति लीटर हैं।

### मामूली बढ़त के साथ खुले बाजार

**मुंबई ।** रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक और एक्सिस बैंक जैसे बड़े शेयरों में बढ़त के चलते प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स बुधवार को शुरुआती कारोबार में 100 अंक से अधिक चढ़ गया। इस दौरान 30 शेयरों वाला सूचकांक 104.31 अंक की तेजी के साथ 58,001.79 था। इसी तरह निफ्टी 28.45 अंक बढ़कर 17,261.70 पर पहुंच गया। सेंसेक्स में सबसे अधिक दो प्रतिशत की बढ़त इंडसइंड बैंक में हुई। इसके अलावा डॉ रेड्डीज, आईसीआईसीआई बैंक, सन फार्मा, रिलायंस इंडस्ट्रीज और एक्सिस बैंक भी बढ़त दर्ज करने वाले प्रमुख शेयरों में शामिल थे। दूसरी ओर पावरग्रिड, एनटीपीसी, टाटा स्टील, एचडीएफसी बैंक और नेस्ले इंडिया लाल निशान में आ गए। पिछले सत्र में सेंसेक्स 477.24 अंक बढ़कर 57,897.48 पर और निफ्टी 147.20 अंक बढ़कर 17,233.45 पर बंद हुआ था।

### आयकर रिटर्न का ई-सत्यापन अब 28 फरवरी तक

**नई दिल्ली ।** आयकर विभाग ने करदाताओं को राहत देते हुए सत्यापन की समयसीमा को आगे बढ़ाया है। ?इसके मुता?बिक जिन आयकरदताओं ने वित्त वर्ष 2019-20 के लिए आयकर रिटर्न का अभी तक ई-सत्यापन नहीं किया है, वे सत्यापन की प्रक्रिया को 28 फरवरी 2022 तक पूरा कर सकते हैं। कानून के मुताबिक डिजिटल हस्ताक्षर के बिना इलेक्ट्रॉनिक रूप से आयकर रिटर्न (आईटीआर) दाखिल करने पर उसका आधार ओटीपी, नेटबैंकिंग, डीमैट खाते के जरिए भेजे गए कोड, पूर्व-मान्य बैंक खाते या एटीएम से सत्यापन करना होता है। यह सत्यापन आयकर रिटर्न दाखिल करने के 120 दिनों के भीतर करना जरूरी है।

## एनपीएस में बड़े बदलाव करेगी सरकार

**नई दिल्ली ।** पेंशन फंड मैनेजर पेंशन फंड रेगुलेटरी एंड डेवलपमेंट अथॉरिटी (पीएफआरडीए) इस नेशनल पेंशन सिस्टम (एनपीएस) में बड़े बदलाव की तैयारी में है। इसके तहत एनपीएस के निवेशक एक वित्त वर्ष में 4 बार अपने इनवेस्टमेंट पैटर्न में बदलाव कर सकते हैं। अभी एक वित्त वर्ष में 2 बार ऐसा करने की अनुमति है। पीएफआरडीए के एक वरिष्ठ अधिकारी के चेयरमैन सुप्रतिम बंद्योपाध्याय ने यह जानकारी दी। उद्योग संस्था एसाचैम द्वारा एनपीएस स्कीम पर आयोजित एक वेबिनार में उन्होंने कहा कि अभी साल में दो बार इनवेस्टमेंट चॉइस में बदलाव किया जा सकता है। जल्दी ही इस संख्या को बढ़ाकर 4 करने की योजना है। हमें कई ऐसे अनुरोध मिले हैं कि इनवेस्टमेंट पैटर्न में बदलाव की संख्या बढ़ाई जाए। हालांकि उन्होंने कहा कि इस स्कीम का मकसद पेंशन फंड बनाना है और इसे म्युचुअल फंड स्कीम की तरह नहीं देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि कई बार लोग इसे म्युचुअल फंड के साथ जोड़कर देखते है जिसमें अच्छा रिटर्न मिल सकता है। आपको इसके लिए कुछ समय देना होगा और फिर उसके बाद केवल आप ही इसका (इनवेस्टमेंट पैटर्न में बदलाव) इस्तेमाल कर सकते हैं। इसे वाजिब तरीके से इस्तेमाल कीजिए। हम इसकी संख्या बढ़ाकर 4 करने जा रहे हैं। इसमें सब्सक्राइब्रर्स अपने निवेश को कई तरह के इंस्ट्रूमेंट्स में डाल सकते हैं। इनमें सरकारी सिक्योरिटीज, डेट इंस्ट्रूमेंट्स, शॉर्ट टर्म डेट इनवेस्टमेंट्स और इक्विटीज शामिल हैं लेकिन अलग-अलग तरह के सब्सक्राइबर्स के लिए अलग-अलग नियम हैं। उदाहरण के लिए सरकारी कर्मचारी इक्विटीज में ज्यादा निवेश नहीं कर सकते हैं जबकि कॉरपोरेट सेक्टर के कर्मचारी अपनी एसेट का 75 फीसदी तक इक्विटीज में निवेश कर सकते हैं। साथ ही सब्सक्राइबर्स को साल में एक बार फंड मैनेजर बदलने की अनुमति है।

## कोरोना के बावजूद बैंकों की कारोबार की स्थिति सुधरीः आरबीआई

**मुंबई ।** अर्थव्यवस्था पर कोरोना काल के दौरान भारी दुष्प्रभाव के बावजूद वर्ष 2020-21 में वाणिज्यिक बैंकों की एकीकृत बैलेंस-शीट में विस्तार हुआ है और चालू वित्त वर्ष में बैंकों के ऋण करोबार में तेजी के प्रारंभिक संकेत दिख रहे हैं। यह बात भारतीय रिजर्व बैंक की एक ताजा रिपोर्ट से सामने आई है। इस रिपोर्ट के अनुसार इस साल सितंबर के आ?खिर में वाणिज्यिक बैंकों के पास जमा राशि में सालाना आधार पर 10.1 प्रतिशक की वृद्धि रही। पिछले साल इसी अवधि में जमा वृद्धि 11 प्रतिशत थी। बैंकों की सकल एनपीए का अनुपात मार्च 2021 में घट कर 7.3 प्रतिशत पर आ गया। मार्च 2020 में सकल एनपीए का अनुपात 8.2 प्रतिशत था। ?रिपोर्ट के अनुसार सितंबर 2021 के आ?खिर में बैंकों का सकल एनपीए (अवरुद्ध ऋण) घट कर सकल ऋण के 6.9 प्रतिशत पर आ गया था। इसी तरह बैंकों का जोखिम भारांकित सम्पत्तियों के समक्ष पूंजी अनुपात (सीआरएआर) मार्च 2020 के14.8 प्रतिशत की तुलना में सुधर कर मार्च 2021 में 16.3 प्रतिशत और सितंबर 2021 के अंत में 16.6 प्रतिशत रहा।

## डॉलर के मुकाबले रुपया सीमित दायरे में



**मुंबई ।** घरेलू शेयर बाजार में नरमी और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के चलते निवेशकों की धारणा प्रभावित होने के बीच रुपया बुधवार को शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले सीमित दायरे में था। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 74.69 पर कमजोरी के साथ खुला। शुरुआती सौदों में इसने 74.68 से 74.76 के सीमित दायरे में कारोबार किया। रुपया मंगलवार को लगातार 9वें सत्र में बढ़त के साथ 30 पैसे की तेजी दर्शाता हुआ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 74.70 पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि वर्ष आखिर की छुट्टियों के चलते इस सप्ताह कारोबार सीमित दायरे में रहने की संभावना है।

## भारत में सेमीकंडक्टर बनाने की यूनिट लगाने की तैयारी में इंटेल

**नई दिल्ली ।** फैबलेस चिप बनाने वाली कंपनी इंटेल भारत में सेमीकंडक्टर बनाने के लिए यूनिट लगाने की तैयारी में है। अमेरिकी कंपनी का ऐलान उस समय हुआ है, जब हाल ही में केंद्रीय कैबिनेट ने देश में सेमीकंडक्टर के उत्पादन और इससे संबंधित रिसर्च को बढ़ावा देने के लिए बड़े ऐलान किए हैं। गौरतलब है कि मोदी सरकार आत्मनिर्भर योजना के तहत देश में तमाम तरह की मैन्यूफैक्चरिंग को बढ़ावा देने पर फोकस कर रही है।इसमें सेमीकंडक्टर भी शामिल है। आईटी और इलेक्ट्रोनिक्स मिनिस्टर अश्वनी वैष्णव ने ट्वीटर पर इंटेल का स्वागत करते हुए लिखा है इंटेल - वेलकम टू इंडिया ।

हाल ही में यूनियन कैबिनेट ने भारत में सेमीकंडक्टर और डिस्प्ले मैन्यूफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के लिए 76,000 करोड़ रुपए की योजना को मंजूरी दी है। मोदी सरकार देश को हाईटेक प्रोडक्शन के हब के तौर पर विकसित करना चाहती है। कैबिनेट के फैसले के बारे में बताकर केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने कहा था कि हमारी रोजमर्रा की जिंदगी में इलेक्ट्रॉनिक्स प्रोडक्ट्स की अहम भूमिका हो गई है। वहीं इलेक्ट्रोनिक प्रोडक्ट्स में सेमीकंडक्टर चिप की अहम भूमिका होती है। देश को हाईटेक प्रोडक्ट का ग्लोबल हब बनाने के लिए सेमीकंडक्टर चिप बनाने में हमें महारत हासिल करनी होगी,इस ध्यान में रखते हुए सरकार ने 76,000 करोड़ रुपए की यह योजना शुरु की है। इस स्कीम के तहत इंडस्ट्रीज की तरफ से 1.7 लाख करोड़ रुपए का निवेश मिलने और 1.35 लाख रोजगार के अवसरों के सृजन की उम्मीद है। इसके साथ ही यह भी उम्मीद है कि इस स्कीम के तहत मीडिया टेक, इंटेल क्वालकॉम, टेक्सस इस्ट्रूमेंट जैसी कंपनियां भारत में अपनी ईकाईयां लगाने के लिए प्रोत्साहित हो सकती हैं। सरकार उस समय यह स्कीम लेकर आने की तैयारी में है जब पूरी दुनिया सेमी कंडक्टर की सप्लाई की कमी की समस्या से जूझ रही है। सूत्रों के मुताबिक सरकार सेमी कंडक्टर प्रदर्शन के लिए 2 फैब यूनिट की स्थापना की तैयारी में है। इसके अलावा डिजाइनिंग, मैन्यूफैक्चरिंग के लिए 10 यूनिट लगाई जा सकती है।स्कीम के तहत भारत को सेमी कंडक्टर मैन्यूफैक्चरिंग हब बनाने की योजना है। गौरतलब है कि सेमी कंडक्टर सभी तरह के इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों में लगने वाले अहम कलपुर्जों में आता है। पूरी दुनिया में सेमी कंडक्टर की







## विशेष इस्पात के उत्पादन में बढ़ोतरी पर ध्यान देगी मोदी सरकार

नई दिल्ली । मोदी सरकार नए साल 2022 में प्रति व्यक्ति इस्पात की खपत बढ़ाने, विशेष इस्पात के उत्पादन में बढ़ोतरी के साथ ही कच्चे माल की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर ध्यान देगी। इस्पात राज्य मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने कहा कि नए बाजारों को खोजने पर भी ध्यान दिया जाएगा, क्योंकि देश में इस्पात का उत्पादन लगातार बढ़ रहा है। राष्ट्रीय इस्पात नीति 2017 के अनुसार सरकार ने 2030 तक देश में कच्चे इस्पात के उत्पादन को 30 करोड़ टन तक बढ़ाने का लक्ष्य तय किया है। इस नीति के तहत 2030 तक घरेलू प्रति व्यक्ति इस्पात खपत को 160 किलो तक बढ़ाने का लक्ष्य है।कुलस्ते ने बताया कि देश में इनदिनों प्रति व्यक्ति इस्पात की खपत लगभग 72.3 किलोग्राम है, जबकि क्षमता 14.39 करोड़ टन प्रति वर्ष है। उन्होंने कहा कि विशेष इस्पात का उत्पादन बढ़ाने पर भी जोर दिया जा रहा है। मंत्री के अनुसार भारतीय इस्पात क्षेत्र अवसरों से भरा है, और देश को गुणवत्ता वाले इस्पात उत्पादन में शीर्ष स्थान हासिल करने का लक्ष्य रखना चाहिए। मंत्रालय पहले ही सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) और निजी कंपनियों को विशेष इस्पात के आयात में कटौती के उपाय करने का निर्देश दे चुका है।

# प्रत्येक बिन्दुओं पर मॉनीटरिंग की जाये, तभी उत्कृष्ट स्थान पा सकेगा निगमः सक्सैना

### प्रतिदिन 10.45 बजे स्वच्छता संबंधी समीक्षा करेंगे चम्बल आयुक्त



**मुरैना।** नगर निगम मुरैना के प्रशासक व चंबल संभाग के कमिश्नर आशीष सक्सेना ने कहा है कि निगम के अन्तर्गत कुल प्राप्त अंकों में प्रतिदिन प्रत्येक बिन्दुओं पर कार्य करने की जरूरत है। उन बिन्दुओं पर प्रतिदिन अंक निर्धारित करें, जिससे बढत बनें, तभी नगर निगम मुरैना सफाई के क्षेत्र में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त कर सकता है। इसके लिये नगर निगम के 47 वार्डो को 3 जोनों में विभाजित किया जाये, जिसमें 3 अधिकारी सुपरविजन के लिये तैनात किये जायें। उन्होंने कहा कि मेरे द्वारा प्रतिदिन 10.45 बजे ऑनलाइन समीक्षा की जायेगी। यह निर्देश उन्होंने मंगलवार को शहर में स्थित गाडी अड्डा सभागार में नगर निगम के अधिकारियों को दिये। इस अवसर पर कलेक्टर बी.कार्तिकेयन, जिला पंचायत के सीईओ रोशन कुमार सिंह, नगर निगम कमिश्नर संजीव कुमार जैन, अतिरिक्त नगर निगम कमिश्नर सुश्री सोनाली नरेडा, कंसलटेंन्सी से पीयूष तिवारी, डॉ. सोनाली तिवारी सहित निगम अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

चंबल कमिश्नर आशीष सक्सेना ने कहा कि नगर निगम को स्वच्छ बनाने के लिये नागरिकों की सहभागिता के साथ-साथ नगर निगम को भी अपने सभी बिन्दुओं पर अपडेट होने की जरूरत है। इसमें कचरा उठाने से लेकर साफ-सफाई, बेस्ट आदि की समीक्षा प्रतिदिन होनी चाहिये। आवश्यकतानुसार डीपीआर बनायें, फंड की कमी आडे नहीं आयेगी। किंतु नगर सुदंर और साफ बनें, इंदौर के समान मुरैना की गिनती हो, ऐसे प्रयास निगम के अधिकारी, कर्मचारी करें। जिन बिन्दुओं पर नबरिंग कम पायी गई है, उन पर पुनः विचार करें। अन्य नगरीय निकायों के लोगों से कमियों के बिन्दुओं पर सलाह लेकर गहन अध्ययन करें। तभी नगर निगम मुरैना नंबर-एक पर आयेगा। उन्होंने कहा कि नगर निगम के अन्तर्गत 47 वार्ड बनाये गये है, इनमें नये वार्ड पंचायतों में से 8 वार्ड बनें है, उन वार्डो में कचरा गाडियां प्रतिदिन क्यों नहीं पहुंचती है, इसके लिये दूसरी शिफ्ट चलायें, उन वार्डो में शाम के समय कचरा गाडी भिजवायें। चंबल कमिश्नर ने कहा कि कंसलटेन्स का दायित्व है कि जिन बिन्दुओं पर रैकिंग कम आ रही है, उन बिन्दुओं पर प्रतिदिन रिव्यू करें। कमिश्नर ने कहा कि सडक पर कचरा फैंकने वाले लोगों पर जुर्माना करने की कार्यवाही करें, इसके लिये हेल्थ ऑफीसर, वार्ड दरोगा, सब इंजीनियर को अधिकार दें। उन्होंने कहा कि नगर निगम के अन्तर्गत 60 हजार 287 भवन है, जबकि वसूली नगण्य पायी गई है। वसूली को बढाने की कार्यवाही की जाये। चंबल कमिश्नर ने सीवर निर्माण, पीएमएवाय आवास, 112 करोड रूपये से ट्रांसपोर्ट नगर, 208 करोड से तैयार होने वाले अमृत वाटरसेड की प्रगति की समीक्षा की। कलेक्टर बी.कार्तिकेयन ने कहा कि निगम के अन्तर्गत सभी का सहयोग मिलेगा, तभी नगर निगम को स्वच्छता की श्रेणी में स्थान प्रथम मिल सकता है। इसके लिये सभी कर्मचारियों को दिन-रात मेहनत करने की जरूरत है। नगर निगम कमिश्नर संजीव कुमार जैन ने कहा कि 47 वार्डो में 47 डोर-टू-डोर कचरा गाडियों से घर-घर से कचरा उठवाया जा रहा है। इसके लिये प्रत्येक गाडियों में जीपीएस सिस्टम लगाया गया है, इसकी मॉनीटरिंग प्रतिदिन की जा रही है। जीपीएस सिस्टम के माध्यम से प्रत्येक वार्ड, प्रत्येक गलियों को स्क्रीन पर देखा जा रहा है।



## शांतिनाथ के दरबार में 15 साल बाद हुआ आर्षमति माताजी का भव्य मंगल प्रवेश

**मुरैना।** आचार्य श्री 108 ज्ञान सागर जी महाराज के परम शिष्य आचार्य ज्ञेय सागर जी महाराज एवं परम पूज्य गुरुदेव सराकोद्धारक, षष्ट पट्टाचार्य समाधिस्थ श्री 108 ज्ञानसागर जी महाराज की अंतिम दीक्षित परम प्रभावक शिष्या, युवा प्रणेता, वात्सल्यमयी, वन्दनीय, गुरुमां आर्यिका रत्न श्री 105 आर्षमती माताजी ससंघ का भव्य मंगल प्रवेश बुधवार को सुबह 9 बजे अतिशय क्षेत्र सिहोनियां में हुआ। आचार्य श्री एवं आर्यिका रत्न श्री 105 आर्षमती माताजी के सानिध्य में आचार्य ज्ञान सागर अखिल भारतीय प्रतिभा सम्मान समारोह होने हा रहा है, जिसमें भारत के सभी राज्यों से जैन समाज के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं का सम्मान होगा और सभी बच्चों को जैन धर्म के संस्कार दिए जाएंगे। इस अवसर पर आर्यिका रत्न श्री 105 आर्षमती माताजी का मंगल उद्बोधन भी होगा। जिसमें जैन समाज के वरिष्ठ लोग भी शामिल रहेंगे। कार्यक्रम आयोजक ज्ञानार्ष भक्त परिवार द्वारा यह भव्य आयोजन 2 जनवरी 2022 को होगा, जिसमें देश भर के छात्र-छात्राओं का सम्मान होगा।

## मारपीट कर चोट पहुंचाने वाले आरोपीगण को न्यायालय ने किया दण्डित

**मुरैना।** मारपीट कर चोट पहुंचाने के मामले में न्यायालय श्रीमान न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, जिला मुरैना के न्यायालय द्वारा आरोपीगण बंदर उर्फ अवधेश पुत्र अशोक सिंह तोमर उम्र- 37 वर्ष, सुनील डण्डौतिया पुत्र रमेशचंद्र डण्डौतिया उम्र 34 वर्ष निवासीगण रामनगर जिला मुरैना को भारतीय दण्ड संहिता की धारा 323/34 में दोषी पाते हुये न्यायालय उठने तक की सजा एवं 1,000-1000/- रूपये (कुल 2,000/- रूपये) के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

# सीजन का पहला कोहराः खड़े डंपर में घुसी बस, 7 यात्री घायल



**मुरैना।** बुधवार की सुबह घने कोहरे के बीच एक बस चालक ने लापरवाही पूर्वक बस चलाते हुए जीगनी गांव के पास खड़े डंपर में पीछे से टक्कर मार दी, जिसमें 7 लोग बुरी तरह घायल हो गए और बस का आगे का हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया। एक यात्री तो इस कदर उसमें फंस गया कि बस को काटकर उसे निकालना पड़ा। यह दुघर्टना बुधवार सुबह 7 बजे की बताई जा रही है, वहां मौजूद लोगों ने पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी, तब एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को जिला अस्पताल लेकर आई और उनको भर्ती कराया गया। जहाँ घायलों का इलाज किया जा रहा है। गौरतलब है कि बुधवार की सुबह के समय घना कोहरा होने के कारण बस ने खडे डंपर में पीछे से टक्कर मार दी, जिसमें सात यात्री घायल हो गए है। इस बस में लगभग 40 यात्री सवार थे। बताया जा रहा है कि बस क्रमांक एमपी 06-0895 सुबह अंबाह से मुरैना के लिए आ रही थी। तभी जीगनी के पास घना कोहरे होने के कारण बस चालक सडक के किनारे खडे डंपर को देख नहीं पाया और बस चालक ने खड़े डंपर में टक्कर मारी और उसी समय पीछे से आ रहे एक अन्य ट्रक ने भी बस में टक्कर मार दी। जिसके कारण दोनों तरफ से बस में टक्कर लगने से उसमें सवार 7 यात्री घायल हो गए। वहीं सबसे पिछली सीट पर बैठे एक यात्री का पैर दो सीटों के बीच में फंस गया। इस पर अन्य यात्रियों ने सरिए की मदद से सीट सीधी की और उसका पैर निकाला। सीट में पैर फंसने से यात्री का पैर फ्रेक्चर हो गया है। सभी घायलों का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

## अटल प्रोग्रेस वे जमीन अधिग्रहण के मुद्दे पर किसानों की बैठक संपन्न



### 4 जनवरी को एसडीएम को देंगे ज्ञापन


**सबलगढ़।** अटल प्रोग्रेस वे के अंतर्गत किसानों की जमीन अधिग्रहित की जा रही है। इस जमीन अधिग्रहण में पीढ़ियों से शासकीय जमीन पर काबिज किसानों का न तो सर्वेक्षण किया जा रहा है, और ना ही उन्हें शासन की तरफ से कोई राहत दी जा रही है। इस मुद्दे पर चंबल क्षेत्र के किसानों की मीटिंग ग्राम कछिंदा में संपन्न हुई। मीटिंग को मध्य प्रदेश किसान सभा के जिला महासचिव मुरारी लाल धाकड़ ने संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि पीढ़ियों से शासकीय जमीन पर काबिज किसानों का भी सर्वे किया जाए। विस्थापन से प्रभावित होने वाले किसानों के पुनर्वास की व्यवस्था की जाए। इस मुद्दे पर किसानों की ओर से 4 जनवरी को अनुविभागीय अधिकारी सबलगढ़ को ज्ञापन दिया जाएगा। यह निर्णय मार का पुरा, काछिंदा, निवाड़ी आदि गांवों के किसानों ने संयुक्त रूप से लिया है। मध्य प्रदेश किसान सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक तिवारी ने कहा है कि चंबल के किसानों को उनका अधिकार देना सुनिश्चित किया जाना नितांत आवश्यक है। एक्सप्रेस वे के दोनों ओर कॉरीडोर के लिए आरक्षित जमीन चंबल क्षेत्र के किसानों को आवंटित की जाए, कंपनियों को नहीं दी जाए। इस मुद्दे पर क्षेत्र में किसानों के साथ निरंतर बैठक की जाएगी।

### नववर्ष पर रक्तदान करेगा रोटरी क्लब चम्बल

**मुरैना।** रोटरी क्लब चम्बल द्वारा 1 जनवरी 2022 शनिवार को जिला चिकित्सालय मुरैना में सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें रोटरी क्लब चम्बल के लगभग सभी सदस्य रक्तदान करेंगे, जैसा कि सभी को विदित है कि नववर्ष 2022 का आगमन होने वाला है और रोटरी क्लब चंबल समाजसेवा के क्षेत्र में मानवसेवा एवं बीमार की जिंदगी के लिए सबसे महत्वपूर्ण रक्त को दान करके नववर्ष की शुरुआत करेगा, क्योंकि रक्तदान ही जीवनदान है, रोटरी क्लब चम्बल सभी समाजसेवी संगठनों एवं मुरैना के सभी शहरवासियों से अपील करते है कि जो भी व्यक्ति रक्तदान करने के लिए इच्छुक हो, वह 1 जनवरी शनिवार जिला चिकित्सालय में सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक उपस्थित होकर रक्तदान शिविर में रक्तदान कर सकते हैं।

## हम आपको वोट देंगे तो राजनीतिक भागीदारी भी लेंगेः भावना जैन

### जैन मिलन ने राजनीतिक भागीदारी अभियान के तहत प्रमुख नेताओं को लिखे पोस्टकार्ड व पत्र



**मुरैना।** जैन समाज ने अब अपना राजनीतिक हक हासिल करने का संकल्प लिया है। इसके लिए भारतीय जैन मिलन संगठन द्वारा राजनीतिक भागीदारी अभियान शुरू किया गया है। अभियान के तहत विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रमुख नेताओं को पोस्टकार्ड पर पत्र लिखकर भेजे जा रहे हैं। मुरैना जिले में यह जिम्मेदारी जैन मिलन में सक्रिय महिलाएं संभालेंगी। जैन मिलन महिला की केंद्रीय संयोजिका भावना जैन ने बताया कि जैन समाज एक धार्मिक, पढा-लिखा, सरल, सभ्य, व्यवसायी एवं प्राचीन समाज है। पूरे भारतवर्ष मे जैन समाज के हजारों तीर्थ स्थल है। देश की प्रगति मे चाहे वो सामाजिक हो अथवा राजनीतिक, जैन समाज का हमेशा से ही महत्वपूर्ण योगदान रहा है। लेकिन वर्तमान समय में जैन समाज की राजनीतिक भागीदारी नगण्य हो गई है। जिसके हम अपने धार्मिक, समाजिक हितों की रक्षा नहीं कर पा रहे हैं। राजनैतिक स्तर पर हमारे समाज का प्रतिनिधित्व नगण्य होने से हमारी बात रखने वाला और सुनने वाला भी कोई नहीं है। यही वजह है कि भारतीय जैन मिलन ने जैन समाज की राजनैतिक भागीदारी अभियान की शुरुआत की है। हम सभी राजनैतिक दलों को यह स्पष्ट रूप से संज्ञान मे लाना चाहते हैं कि हम अगर आपको वोट देंगे तो राजनीतिक भागीदारी भी लेंगे। अपनी बात रखने के लिए जैन समाज के लोगों द्वारा सभी राजनैतिक दलों के प्रमुख नेताओं को राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय स्तर पर पोस्ट कार्ड पर लिखकर पत्र भेजे जा रहे हैं।

### 10 हजार पोस्टकार्ड भेजने का लक्ष्य

जैन मिलन ने मुरैना जिले से कुल 10 हजार पोस्टकार्ड पत्र राजनीतिक दलों को भेजने का लक्ष्य निर्धारित किया है। जैन मिलन के क्षेत्रीय अध्यक्ष राजेश जैन बंटी ने बताया कि ये पत्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, सोनिया गांधी, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान तथा पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस नेता कमलनाथ के नाम भेजे जाएंगे। ताकि हमारी बात भाजपा और कांग्रेस में राष्ट्रीय और प्रदेश स्तर तक पहुंच सके। पत्र लेखन के लिए जैन समाज के सभी लोगों से संपर्क स्थापित किया जाएगा। जैन मिलन मुरैना की अध्यक्ष रजनी जैन ने बताया कि अभियान की शुरुआत भी कर दी है।

## लावारिस बुजुर्ग महिला का डॉ गुप्ता ने मुक्ति धाम पर किया दाह संस्कार



**मुरैना।** पोरसा के राधा कृष्ण मंदिर में काफी दिनों से भगवान की चरणों की सेवा कर रही एक बुजुर्ग महिला विगत दिनों मरणासन्न अवस्था में मिली थी, जिसका पोरसा मुक्तिधाम की देखरेख करने वाले डॉ अनिल गुप्ता द्वारा उपचार भी कराया गया परंतु उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई जिसका अंतिम संस्कार डॉ गुप्ता द्वारा मुक्तिधाम में कराया गया। बताया जाता है कि एक बुजुर्ग महिला काफी समय से राधा कृष्ण मंदिर में भगवान की सेवा कर रही थी विगत दिनों वह मरणासन्न अवस्था में मंदिर प्रांगण में मिली। डॉ गुप्ता द्वारा मंदिर के पुजारी और लोगों से कहा कि इसका साथ दे तो इसे हॉस्पिटल दिखा दे, कोई साथी नहीं आया, फिर उन्होंने मुक्तिधाम के राज कुमार चौकीदार ओर पंकज माहोर को बुलाकर महिला को हॉस्पिटल में उपचार के लिए भर्ती करवाया, लेकिन उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। सुबह पुलिस द्वारा सूचना दी कि उनके परिजन आ रहे हैं, डॉ गुप्ता ने इंतजार किया तथा इंतजार के बाद परिजन तो आए, मगर दाह संस्कार करने से मना कर दिया। डॉ अनिल गुप्ता ने दाह संस्कार की सामग्री बाजार से मंगाकर स्वर्ग रथ सुबह कारीगर को बुलाकर तैयार कराया। मुक्तिधाम में नेमीचंद सिंघल, रामकुमार गुप्ता, जसराम वेदप्रकाश गुप्ता, श्यामसुंदर अग्रवाल, महेश पेगोईया, गिर्राज गुप्ता, श्याम गुप्ता, मोहित गुप्ता, हरिओम शर्मा काफी संख्या में समाजसेवी और नगर के बुद्धिजीवी लोगों की उपस्थिति में मुक्तिधाम परिसर में पहुंचकर विधि विधान से हिंदू संस्कृति से उनका दाह संस्कार कराया।

## अब लीज निरस्त और तोड़ने की कार्यवाही होगी : कार्यपालन यंत्री




**मुरैना।** मप्र.गृह निर्माण एवं अघोसंरचना विकास मण्डल संभाग मुरैना की कार्यपालन यंत्री ने शहर की बेशकीमती जीवाजी गंज की भूमि पर अतिक्रमणकारी श्रीमती उर्मिला बंसल को गत 22 दिसम्बर को नोटिस देकर अतिक्रमण हटाने के अविलम्ब आदेश दिये थे, किन्तु तय सीमा 28 दिसम्बर बीत जाने के बावजूद अतिक्रमण कर्ता ने अभी तक मौके से अतिक्रमण हटाने का कोई प्रयास नहीं किया है। अपने आदेश में कार्यपालन यंत्री ने स्पष्ट करते हुये कहा था कि गत 10 अप्रैल को गृह निर्माण के अधिवक्ता के द्वारा भी आपको सार्वजनिक भूमि से अतिक्रमण हटाने के आदेश दिये गये थे मगर आपके द्वारा अतिक्रमण नहीं हटाया गया है। अतः आप 28 दिसम्बर तक आवश्यक रुप से अतिक्रमण हटाकर उक्त कार्यालय को सूचित करें। अतिक्रमण ने हटाने की दशा में गृह निर्माण संभाग मुरैना स्वयं अतिक्रमण हटाकर आपको दी गई लीज रद्द करने की कार्यवाही करेगा।

उल्लेखनीय है कि शहर के मध्य जीवाजीगंज में कुछ सट्टेबाज धनाड्य लोंगो ने ठीक रामजानकी मंदिर के सामने स्थित सार्वजनिक प्याऊ व कुआं की जमीन पर बलात् कब्जा कर प्याऊ और कुएं को पाटकर उस पर बड़ी बिल्डिंग तान दी है। चूंकि आठवें दशक में जीवाजीगंज की खाली पड़ी भूमि पर मप्र गृह निर्माण एवं अघोसंरचना विकास मण्डल मुरैना ने रिहाईस बसाने के उद्देश्य से उक्त भूमि को प्लॉट बनाकर लीज पर दिया था। इसी भूमि पर ठीक रामजानकी मंदिर के सामने कुछ भाग पर प्याऊ और सार्वजिक कुआं बना हुआ था, जिसके सार्जनिक उपयोग और शासनादेश को देखते हुये गृह निर्माण कार्यालय द्वारा इसे सार्वजिक उपयोग की भूमि घोषित करते हुये लीज पर न देने का निर्णय लिया गया था। मगर आज उक्त भूमि का यह भाग बेशकीमती होकर करोड़ों रुपयों का हो गया है। इस भाग पर पीछे की भूमि पर लीज प्राप्तकर्ता श्रीमती उर्मिला बंसल व कुछ नये-नये धनाड्य बने कुछ सट्टेबाज और जुए खिलाने वाले लोगों ने बिना किसी बैध कागजातों के रातों-रात कब्जा कर बड़ी बिल्डिंगें खड़ी कर दी। जब इसकी समाजसेवियों ने शिकायत की, तब जाकर विभाग जागा और उक्त अतिक्रमण हटाने के नोटिस जारी किए गये। चूकि अभी तक नोटिस के बावजूद अतिक्रमणकारियों ने तय समय सीमा के अतिक्रमण हटाकर भूमि को खाली नहीं किया है। इसलिये गृह निर्माण विभाग नगर निगम व तहसीलदार के माध्यम से शीघ्र अतिक्रमण हटाने व अन्य प्लाटों की मिली भूमि पर से भी लीज समाप्त करने की कार्यवाही को अंजाम देगा।

## हारेगा कोरोना

भारत में 28 दिसंबर कोरोना वायरस से जंग में एक अहम दिन साबित होने वाला है। दरअसल, सरकार ने कोरोना की दो वैक्सीन और दवा को आपात इस्तेमाल की मंजूरी दे दी। जिन दो वैक्सीन्स को मंजूरी मिली है, उनमें एक वैक्सीन नोवावैक्स की कोवोवैक्स है। दूसरी वैक्सीन भारतीय कंपनी बायोलॉजिकल ई की कोर्बिवैक्स है। वहीं, मंजूर हुए एंटी कोरोना ड्रग का नाम मोल्नुपिराविर है और इसे मर्क नाम की विदेशी कंपनी ने बनाया है। भारत में अभी तक कोरोना की आठ वैक्सीन को मंजूरी मिल चुकी है। इसमें भारत की स्वदेशी निर्मित वैक्सीन कोविडशील और कोवाक्सिन भी शामिल हैं। भारत में सबसे ज्यादा कोविडशील की खुराकें लगाई गई हैं। इस दोनों वैक्सीन को विश्व स्वास्थ संगठन की ओर से भी मंजूरी मिल चुकी है। इसके अलावा भारत में रूस की स्पुतनिक वी, स्पुतनिक लाइट, अमेरिकी की फाइजर की कोरोना वैक्सीन और जॉनसन एंड जॉनसन को भी आपात स्थिति के लिए अनुमति दी जा चुकी है। इसके अलावा जायडस कैडिला वैक्सीन की खुराक भी लोग ले रहे हैं। भारत के लिए कोरोना से जंग में पहली मेड इन इंडिया वैक्सीन कोवाक्सिन ने काफी अहम भूमिका निभाई है। हालांकि, अभी भी देश में 88 फीसदी से ज्यादा लोगों को ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी-एस्ट्रा जेनेका द्वारा बनाई गई कोविशील्ड ही लगी है। भारत बायोटेक की सीमित उत्पादन क्षमता की वजह से इस टीके का प्रसार भी कम ही रहा है। इसी के चलते अब भारत में दूसरी मेड इन इंडिया वैक्सीन कोर्बिवैक्स को मंजूरी दी गई है। भारत ने इस वैक्सीन के 30 करोड़ डोज का ऑर्डर इस साल अप्रैल में ही दे दिया था। यह वो समय था, जब इस वैक्सीन का ट्रायल चल रहा था और इसकी प्रभावशीलता को लेकर कोई शुरुआती डेटा भी सामने नहीं आया था। हैदराबाद की इस निजी कंपनी ने अब तक एफिकेसी का डेटा रिलीज नहीं किया है, इसके बावजूद इस वैक्सीन को भारत के लिए काफी अहम करार दिया जा रहा है। कोर्बिवैक्स देश में इस्तेमाल की जाने वाली पहली प्रोटीन-बेस्ड वैक्सीन हो सकती है। यानी इसे बनाने के लिए कोरोनावायरस पर मौजूद स्पाइक प्रोटीन के चुनिंदा अंशों का इस्तेमाल किया गया है। कोरोनावायरस में मौजूद यह स्पाइक प्रोटीन ही वायरस को किसी इंसान के शरीर में मौजूद कोशिकाओं तक पहुंचाने में मदद करता है। वायरस इसके बाद खुद को बढ़ाता है और बीमारी पैदा कर देता है। वैज्ञानिकों के मुताबिक, जब कोरोनावायरस का यह स्पाइक प्रोटीन अलग से इंसान के शरीर में डाला जाता है, तो यह कम से कम हानिकारक होता है, क्योंकि वायरस पूरी तरह गायब होता है। इसे इंसान के शरीर में वैक्सीन के जरिए भेजने का फायदा यह होता है कि इम्युन सिस्टम वायरस को फैलने में मदद करने वाले स्पाइक प्रोटीन को पहचान लेता है और उसके खिलाफ एंटीबॉडीज तैयार कर लेता है। यानी जब असल कोरोनावायरस (जिसमें वायरस और स्पाइक प्रोटीन दोनों शामिल होते हैं) शरीर पर हमला करे तो इम्युन सिस्टम वायरस को फैलाने वाले प्रोटीन को ही खत्म कर दे। रिसर्च के मुताबिक, इस तकनीक से कोरोना लोगों को संक्रमित या गंभीर रूप से बीमार करने में असफल साबित होगा। कोरोना के नए वैरिएंट ओमिक्रॉन की दहशत के बीच भारत में 15 से 18 साल की उम्र के बच्चों को भी कोरोना टीका लगाया जाएगा। तीन जनवरी से बच्चों को कोरोना टीका लगाया जाएगा। इसके लिए 1 जनवरी से कोविन एप पर बच्चे टीकाकरण के लिए रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। संभावना है कि बच्चों को भारत बायोटेक की कोवाक्सिन का टीका लगाया जाएगा। ड्रग्स कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया (डीसीजीआई) ने बच्चों के लिए कोवाक्सिन को आपात इस्तेमाल के लिए मंजूरी दे दी है।

# गहलोत ने दी आलाकमान को जादू की झप्पी

**रमेश सर्राफ धमोरा**

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अपनी जादूगरी से कांग्रेस आलाकमान को खुश कर दिया है। राजस्थान की राजनीति में उनके विरोधी माने जाने वाले सचिन पायलट व उनके समर्थकों को गहलोत किनारे लगाने में सफल रहे हैं। राजनीति में आने से पहले अशोक गहलोत जादूगरी के पेशे से जुड़े हुए थे। उनके पिता लक्ष्मण सिंह गहलोत अपने जमाने के जाने-माने जादूगर थे। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को भी जादू की कला विरासत में मिली थी। हालांकि अशोक गहलोत जादूगरी के क्षेत्र में तो नहीं गए। मगर समय-समय पर अपनी जादूगरी दिखाकर राजनीति के क्षेत्र में वे लगातार ऊंची सीढ़ियां चढ़ते चले गए।

तीसरी बार राजस्थान के मुख्यमंत्री पद पर काम कर रहे अशोक गहलोत छात्र जीवन से ही कांग्रेस से जुड़ गए थे। उस समय कांग्रेस के दिग्गज नेता रहे हरिदेव जोशी, परसराम मदेरणा के सानिध्य में उन्होंने राजनीति के क्षेत्र में ऊंची छलांग लगाई। 1980 में पहली बार जोधपुर से कांग्रेस के टिकट पर लोकसभा चुनाव जीत कर इंदिरा गांधी के मंत्रिमंडल में उप मंत्री बने। गहलोत राजीव गांधी व नरसिम्हा राव के मंत्रिमंडल में भी राज्य मंत्री रहे। तीन बार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष, कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव, कांग्रेस सेवा दल के अध्यक्ष रह चुके अशोक गहलोत जैसे-जैसे राजनीति की ऊंची सीढ़ियां चढ़ते गए वैसे-वैसे एक-एक कर अपने विरोधी नेताओं का सफाया करते गये। 1998 में वरिष्ठ नेता परसराम मदेरणा को मात देकर पहली बार मुख्यमंत्री बने अशोक गहलोत उसी कार्यकाल में परसराम मदेरणा, शिवचरण माथुर, पंडित नवल किशोर शर्मा, हीरालाल देवपुरा, नाथूराम मिर्धा, रामनिवास मिर्धा, जगन्नाथ पहाड़िया, कमला, बनवारी लाल बैरवा, रामनारायण चौधरी जैसे बड़े नेताओं को एक-एक कर किनारे लगा दिया। उसके बाद गहलोत राजस्थान कांग्रेस को अपने इर्द-गिर्द घुमाने लगे। 2008 के विधानसभा चुनाव में भी राजस्थान में कांग्रेस को बहुमत नहीं मिला था। एसके उपरांत भी अशोक गहलोत ने बसपा के विधायकों को कांग्रेस में शामिल करवा कर अपनी सरकार बना ली थी।

2018 के विधानसभा चुनाव में सचिन पायलट प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष होने के साथ ही मुख्यमंत्री पद के प्रबल दावेदार थे। विधानसभा चुनाव सचिन पायलट के नेतृत्व में ही लड़ा गया था। हर किसी का मानना था कि कांग्रेस की सरकार बनने पर सचिन पायलट ही मुख्यमंत्री बनेंगे। क्योंकि 2013 का विधानसभा चुनाव अशोक गहलोत के मुख्यमंत्री रहते उनके नेतृत्व में लड़ा गया था। जिनमें कांग्रेस को महज 21 सीटें ही मिल पाई थी। राजस्थान में कांग्रेस बहुत कमजोर स्थिति में थी। कार्यकर्ता हताश, निराश थे। कांग्रेस कार्यकर्ताओं का मनोबल बुरी तरह से गिरा हुआ था।

उस समय कांग्रेस आलाकमान ने युवा नेता सचिन पायलट को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बना कर कांग्रेस को फिर से एक बार फिर नए सिरे से मजबूत बनाने की जिम्मेदारी सौंपी थी। सचिन पायलट ने पूरी सक्रियता से प्रदेश में दौरे कर कांग्रेस कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाया और विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की सरकार बनाने का मार्ग प्रशस्त किया था। मगर मुख्यमंत्री बनने की बारी आई तब अशोक गहलोत ने एक बार फिर अपनी जादूगरी दिखाते हुए बाजी पलट कर खुद मुख्यमंत्री बन गए। उस समय सचिन पायलट को मात्र उप मुख्यमंत्री बनकर ही संतोष करना पड़ा था।

2018 में गहलोत के मुख्यमंत्री बनने की जरा भी संभावना नहीं थी। मगर अशोक गहलोत ने दिल्ली में कांग्रेस आलाकमान को अपने विश्वास में लेकर मुख्यमंत्री के पद पर काबिज हो गए। उस समय कांग्रेस आलाकमान ने सचिन पायलट व उनके समर्थक विधायकों को आश्वस्त किया था कि आधे कार्यकाल के बाद पायलट को मुख्यमंत्री बना दिया जाएगा। मगर आधा कार्यकाल बीतने से पहले ही मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सचिन पायलट के सामने ऐसी परिस्थितियां उत्पन्न कर दी कि उनको गहलोत सरकार के खिलाफ बगावत करनी पड़ी। अशोक गहलोत इसी मौके



की तलाश में थे। उन्होंने कांग्रेसी आलाकमान से सचिन पायलट व उनके समर्थक सभी मंत्रियों को पद से बर्खास्त करवा दिया। यहां तक कि सचिन पायलट को भी उपमुख्यमंत्री व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पद से बर्खास्त करवा दिया था। एक समय तो ऐसी परिस्थितियां उत्पन्न कर दी गई थी कि पायलट व उनके समर्थक विधायकों का कांग्रेस से निष्कासन होना तय लग रहा था। मगर ऐन वक्त पर पायलट ने बदली हुई परिस्थितियों को देखकर कांग्रेस आलाकमान के सामने सरेंडर कर दिया था। सचिन पायलट इन दिनों फिर से कांग्रेसी आलाकमान के नजदीक होकर मुख्यमंत्री बनने का दाव चल रहे थे। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी व महासचिव प्रियंका गांधी भी पायलट के पक्ष में खड़े नजर आ रहे थे।

कांग्रेस आलाकमान ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर पायलट समर्थक विधायकों को फिर से मंत्रिमंडल में शामिल करने को लेकर दबाव बनाना शुरू कर दिया था। हालांकि गहलोत ने सवा साल के टालमटोल के बाद पायलट समर्थक चार विधायको को मंत्रिमंडल विस्तार में शामिल किया। यहां भी गहलोत के सख्त रूख के कारण भारी आरोपों के बावजूद किसी भी मंत्री को हटाया नहीं गया। कांग्रेस आलाकमान के समक्ष गहलोत किसी भी मंत्री को मंत्रिमंडल से हटाने पर सहमत नहीं हुए थे। जिन मंत्रियों को आरोपों के चलते हटाने के कयास लगाए जा रहे थे। मंत्रिमंडल विस्तार में उनमें से कईयों को तो पदोन्नत कर कैबिनेट मंत्री बना दिया गया।

पायलट के लगातार बढ़ते दबाव को कम करने के लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जयपुर में केंद्र सरकार के खिलाफ कांग्रेस की एक बड़ी सफल रैली करवा कर अपनी ताकत का इजहार कर दिया है। कांग्रेस की रैली में लाखों की भीड़ जुटाकर मुख्यमंत्री गहलोत ने आलाकमान को दिखा दिया कि राजस्थान में आज भी वही सबसे बड़े लोकप्रिय नेता है। जो अगले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को जीत दिला सकते हैं। जयपुर की रैली में कांग्रेस की कार्यकारी अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, मलिकार्जुन खड़गे, अधीर रंजन चौधरी, केसी वेणुगोपाल, कमलनाथ, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित सभी बड़े नेता शामिल हुए थे।

हालांकि रैली को सोनिया गांधी ने तो संबोधित नहीं किया था। मगर राहुल गांधी ने मोदी सरकार पर जमकर हमला बोला था। रैली की सफलता से सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी तीनों ही अभिभूत नजर आ रहे थे। रैली की सफलता के बाद कांग्रेस आलाकमान मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को अगले दो साल तक मुख्यमंत्री के रूप में फ्री हैंड देने के मुड में लग रहा है। कांग्रेसी हलकों में चर्चा है कि रैली की सफलता से अशोक गहलोत की पांचों अंगुलियां घी में हो गई है। एक तरफ जहां कांग्रेस आलाकमान उनसे खुश नजर आ रहा है। वही अगले दो साल तक वह अपने तरीके से मुख्यमंत्री के रूप में काम करेंगे।

2023 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस उन्हीं के नेतृत्व में चुनाव लड़ेगी। इससे गहलोत के विरोधी नेताओं के भी धीरे-धीरे सुर बदलने लगे हैं। अब वह गहलोत शरणागत होने लगे हैं। हालांकि चुनाव के मामले में मुख्यमंत्री गहलोत का पिछला ट्रैक रिकॉर्ड अच्छा नहीं रहा है। मुख्यमंत्री रहते अशोक गहलोत 2003 के विधानसभा चुनाव में मात्र 56 सीटों पर व 2013 के विधानसभा चुनाव में मात्र 21 सीटों पर ही कांग्रेस को जीता पाए थे। मगर मौजूदा परिस्थितियों में कांग्रेस आलाकमान का पलड़ा गहलोत को ही मुख्यमंत्री बनाये रखने के पक्ष में नजर आ रहा है।

(चिंतन-मनन) मानव जीवन की गरिमा

नालंदा तक्षशिला जैसे अनेक विश्वविद्यालय इस देश में थे। देश की शिक्षा व्यवस्था की पूर्ति तो स्थानीय गुरुकुल ही कर लेते थे। उच्च स्तरीय एवं अंतरराष्ट्रीय शिक्षा व्यवस्था का प्रबंध यह विश्वविद्यालय करते थे। देश-देशांतरों की भाषाएं वहां पढ़ाई जाती थीं, जिनमें पारंगत होकर अपने को विश्व सेवा के लिए समर्पित करने वाले महामानव विश्व के कोने-कोने में पिछड़े क्षेत्रों को पिछड़े वर्ग को हर दृष्टि से ऊंचा उठाने के लिए अपनी अहैतुकी सेवा भावना की अजस्त्र वष्रा करते थे। न केवल धर्म और अध्यात्म वरन कृषि, पशुपालन, वृक्षारोपण, शिल्प उद्योग, नौकायन, चिकित्सा, वास्तु, रसायन आदि भौतिक विज्ञान की अनेकानेक धाराओं से संसारवासियों को परिचित प्रवीण कराने के लिए अथक परिश्रम किया गया। फलत~ मानव जाति को अपनी पिछड़ी हुई, अभावग्रस्त एवं विपन्न स्थिति से छुटकारा मिला। अन्न, वस्त्र निवास और शिक्षा की आरंभिक आवश्यकताएं पूरी होने पर प्रगति के अन्यान्य मार्ग खुले।

मनुष्य जीवन की गरिमा दो पहिये के रथ पर चढ़कर गतिशील होती है। एक पहिया है आत्म निर्माण, दूसरा लोक-निर्माण। यही दो लक्ष्य भारतीय संस्कृति के दो अविच्छिन्न अंग रहे हैं। गुण, कर्म, स्वभाव की दृष्टि से इस देश के निवासी निरंतर प्रयत्नशील रहे कि उनका व्यक्तित्व सद्भावनाओं और सत्प्रवृत्तियों से परिपूर्ण हो। उसे आदर्श और अनुकरणीय माना जाए। यहीं थी उन दिनों व्यक्तिगत जीवन की आध्यात्मिक महात्वाकांक्षा। भौतिक दृष्टि से हर व्यक्ति समुन्नत, सुव्यवस्थित और साधन संपन्न जीवन जीता था

# संघर्ष जीवन का सबसे बड़ा वरदान!

**डॉ. जगदीश गाँधी**

जब तक जीवन है, तब तक संघर्ष है। प्रत्येक दिन कोई न कोई चुनौती, कोई न कोई संघर्ष जीवन में आते ही रहते हैं तो फिर इनसे घबराना कैसा? दुनियाँ में ऐसा कोई भी व्यक्ति नहीं है, जिसके जीवन में चुनौतियां, संघर्ष, दुःख, कठिनाई और रूकावटे न आयी हों। कोई परीक्षा में पास होने के लिए संघर्ष कर रहा है, तो कोई परीक्षा पास करने के बाद आगे जीवन में आने वाली कठिनाइयों एवं चुनौतियों से पार पाने के लिए संघर्ष कर रहा है। लेकिन जिंदगी में एक बात जरूर याद रखनी चाहिए कि बिना संघर्ष के किसी को सफलता कभी नहीं मिलती।

**(2) संघर्ष इंसान को मजबूत बनाता है:** परिवर्तन से डरना और संघर्ष से कतराना, मनुष्य की सबसे बड़ी कायरता है। संघर्ष इंसान को मजबूत बनाता है, फिर चाहे वो कितना भी कमजोर क्यों न हो। वास्तव में संघर्ष और जीवन एक दूसरे के पर्याय हैं। भगवान श्रीराम राजा के पुत्र थे, लेकिन उन्होंने चौदह साल वनवास में संघर्षपूर्ण जीवन व्यतीत किया और आज हम उन्हें मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम के नाम से जानते हैं। यह उनके जीवन का संघर्ष ही था जिसने उन्हें पुरूषोत्तम बना दिया। इसी प्रकार भगवान गौतम बुद्ध भी राजा के लड़के थे, किंतु जीवन के वास्तविक व अंतिम सत्य को जानने के लिए उन्हें कड़ा संघर्ष करना पड़ा। इसी प्रकार दुनियाँ में जितने भी महान पुरूष हुए, उन्होंने किसी न किसी तरह के संघर्ष का सामना जरूर किया।

**(3) संघर्ष जितना बड़ा होगा सफलता भी उतनी ही महान होगी:** दरअसल हर इंसान के जीवन में संघर्ष होता है। केवल उसके रूप अलग-अलग होते हैं। इसलिए हमें संघर्षों से घबराना नहीं चाहिए। संघर्ष तो वह आभूषण है, जो व्यक्ति को आंतरिक रूप से सुंदर और शक्तिशाली बनाता है। वास्तव में जब तक जीवन है तब तक संघर्ष भी है। इसलिए हमें संघर्ष से भागना नहीं चाहिए बल्कि इसका डटकर मुकाबला करना चाहिए क्योंकि संघर्ष जितना बड़ा होगा सफलता भी उतनी ही महान होगी। इसलिए सफलता न मिले तो परेशान न हो। हिम्मत मत हारो, बल्कि पहले से दुगनी ताकत के साथ अगली कोशिश के लिए तैयार हो जाओ। अगर तुमने ऐसा किया तो सफलता एक न एक दिन अवश्य मिल ही जायेगी।

**(4) संघर्ष के दिनों में हमें अपनी सोच सकारात्मक रखनी चाहिए :** किसी ने सही ही कहा है कि संघर्ष की राह में आई कठिनाइयां व्यक्तित्व को और निखारती है, लेकिन इसके लिए हमें अपनी सोच सकारात्मक रखनी चाहिए। जिस प्रकार से छाता बारिश तो नहीं रोक सकता। लेकिन बारिश में चलते रहने का हौंसला देने के साथ मंजिल तक पहुंचने में मदद करता है। ठीक उसी तरह आत्म विश्वास सफलता की गारण्टी तो नहीं देता, परन्तु सफलता के लिए संघर्ष करने की प्रेरणा अवश्य देता है। जीवन में कठिनाइयां तो आती ही हैं, लेकिन यदि हमारा इरादा पक्का हो और समर्पण के साथ मेहनत की जाए तो कामयाबी कदम चूमती जरूर है।

**(5) संघर्ष की चाबी जीवन के सभी बंद दरवाजे खोल देती है :** संघर्ष जीवन को निखारते हैं, संवारते व तराशते हैं और गढ़कर ऐसा बना देते हैं, जो कि दुनियाँ के लिए एक मिसाल बन जाती है। किसी ने सही ही कहा है कि संघर्ष की चाबी जीवन के सभी बंद दरवाजे खोल देती है और आगे बढ़ने के नए रास्ते भी प्रशस्त करती है। इस दौरान व्यक्ति के अंदर का हौसला उसे हारने नहीं देता और संघर्ष की लगन लगातार बनाए रखता है। इस तरह संघर्ष की तपन मनुष्य के जीवन को चमकाती है। इस प्रकार संघर्ष का दामन पकड़कर ही हम सफलता के द्वार को खोलते हैं। वास्तव में संघर्ष हम सभी के जीवन का सबसे बड़ा वरदान है। वह हमें यह भी सिखाता है कि भले ही संसार दुःखों से भरा हुआ है, लेकिन उन दुःखों पर काबू पाने के तरीके भी यहाँ अनेकों है।

**(6) प्रेरक प्रसंग, महान लोगों की जीवनी और मार्गदर्शक कहानियों का विशेष महत्व :** प्रेरक प्रसंग, महान लोगों की जीवनी और मार्गदर्शक कहानियों का हम सभी के जीवन में काफी अधिक महत्व होता है। इन्हें पढ़ने के बाद एक ओर जहां संघर्ष और चुनौतियों से सामना करने का उत्साह का संचार होता है, तो वहीं दूसरी ओर निराशा का भाव खत्म हो जाता है। इसीलिए महान लोगों का जीवन परिचय सदा हमारी शिक्षा व्यवस्था का अभिन्न अंग रहा है। इसके कारण बचपन से ही हमारे बच्चों को एक ओर जहां जीवन में आने वाले संघर्षों एवं चुनौतियों के बारे में पता होता था।

# श्रीरामकथा के अल्पज्ञात दुर्लभ प्रसंग

### सूडोकु नवताल- 5927

✱✱✱✱✱ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | | 4 |
| | | | 6 | | | | | 1 |
| | 5 | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | | 7 | | | | | 6 | |
| | | | | | | | | |
| | 3 | | | | | 8 | | |
| 1 | | 6 | | | 3 | | 7 | |
| 2 | | | | | 5 | | | |
| 8 | | | | | 4 | | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -5926 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 2 | 3 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 1 |
| 8 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 3 | 2 | 5 | 9 | 4 |
| 4 | 3 | 8 | 9 | 6 | 5 | 1 | 7 | 6 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 2 | 8 | 7 | 1 | 4 | 3 | 6 | 5 | 9 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 | 4 | 8 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 2 | 1 | 7 |

**डॉ. नरेन्द्रकुमार मेहता**

महर्षि अगस्त्य पत्नी लोपामुद्रा को सीताजी के द्वारा श्रीराम के सेतु बाँधने का रहस्य बताना महर्षि वाल्मीकि रामायण को आर्ष रामायण भी कहा जाता है, जो एक आदिकाव्य है और संस्कृत भाषा में लिखी गई है। इसकी रचना करने के उपरान्त भी वाल्मीकिजी को श्रीरामजी के सम्बन्ध में अनेक वैचारिक अनुभूतियाँ हुई। अत~ अपने विचारों को काव्य रूप में प्रस्तुत करने के लिए उन्होंने संस्कृत भाषा में आनन्दरामायण की रचना की। आनन्दरामायण का कथा प्रसंग सुखान्त है और महर्षि वाल्मीकिजी की श्रीरामभक्ति से सरोबार ज्ञान पिपासा का विशद रूप है। गुरु श्रीरामदास ने अपने शिष्य विष्णुदास से कहा- एक बार श्रीरामचन्द्रजी सीता तथा अपने समस्त भाईयों के साथ पुष्पक विमान पर बैठकर सूर्यग्रहण के समय कुरुक्षेत्र गए। वहाँ समस्त देवता, गन्धर्व, किन्नर, पन्नग तथा कितने ही आश्रमों के ऋषि और हजारों राजा आए हुए थे। सूर्यग्रहण लग जाने पर श्रीसीताजी के साथ श्रीराम ने स्नान किया तथा अनेक हाथी-घोड़े-ऊँट और रथादि दान किए। वहाँ पर ही अनेक राजा-महाराजा कई प्रकार के उपहार ले-लेकर श्रीरामजी के दर्शनार्थ आए और रानियाँ भी सीताजी को देखने के लिए उनके साथ आई। जब रानियां सीताजी के पास पहुँची तो उन्होंने बड़े आदर के साथ उन्हें उनकी सखियों और मुनिपत्नियों के साथ सुन्दर आसनों पर बिठलाया। सीताजी द्वारा विधिवत् पूजन कर लेने के पश्चात् मुनिपत्नियों में से महर्षि अगस्त्य की पत्नी लोपामुद्रा सीताजी को प्रसन्न करती हुई कहने लगीं। सीते हे गजगामिनी! तुम धन्य हो। हमारे कानों को आनन्द देने वाले श्रीरामजी के किसी पौरुष का तो वर्णन करो। लोपामुद्रा के यह कहने पर सीताजी ने अपने विवाह से लेकर कुरुक्षेत्र की यात्रा पर्यन्त का समस्त वृत्तान्त कह सुनाया।

**लोपामुद्राऽपि तच्छुत्वा विहस्य प्राह जानकीम्। सर्वं योग्यं कृतं सीते राघवेण महात्मना।।**

**एक एव वृथा क्लेश~ कृतस्तेनेति वेद्म्यहम्। गहान श्रम~ सेतुबंधे किमर्थं हि कृत~ पुरा।।**

**कथं न कथितं कुम्भजन्मने राघवेण हि। क्षणात्तं चुलुके कृत्वा पीत्वेमं लवणार्णवम्।।**

**शुष्कं कृत्वा कपीन्मार्गोऽभविष्यदत एव हि। वृथा ते श्रमिता~ सर्वे वानरा~ सेतुबंधने।।**

आनन्दरामायण विलासकाण्डम्ः सर्ग 9-9 से 12

लोपामुद्रा ने कथा सुनकर सीताजी से कहा- हे सीते! महात्मा रामचन्द्र ने अब तक जो कुछ किया वह बहुत अच्छा किया। केवल एक बात में चूक गए और उन्होंने इतना क्लेश उठाया। मैं कुछ समझ पाती कि लंका पर चढ़ाई करते समय राम ने समुद्र में सेतु बनाने का कष्ट क्यों किया। उन्होंने अगस्त्यजी से क्यों नहीं कह दिया। वे एक अंजली में भरकर क्षणभर में उस खारे समुद्र को पी जाते। समुद्र सूख जाता और कपियों को लंका जाने के लिए मार्ग मिल जाता। व्यर्थ ही सेतु बाँधने के लिए उन्होंने उन वानरों को कष्ट दिया। इस प्रकार लोपामुद्रा की बात सुनकर सगर्व वाणी में सीताजी कहने लगी- हे पतिव्रते लोपामुद्रे! श्रीराम ने जो सेतु बाँधा वह बहुत अच्छा किया। मैं उनका कारण भी बतलाती हूँ, आप सावधान होकर सुनें। यहाँ आई हुई ये राजरानियां भी शान्त चित्त से मेरी बात सुनें। यदि श्रीराम अपने बाण से समुद्र को सुखाते तो बहुत से प्राणियों की हत्या होने की आशंका थी। यदि श्रीराम आकाश मार्ग से समुद्र लांघ जाते तो रावण और वानर यह कैसे जानते कि श्रीराम मनुष्य हैं। यदि हनुमानजी की पीठ पर बैठकर चले जाते तब श्रीराम का क्या पराक्रम दिख पड़ता? यदि हाथों से तैरते हुए उस पार चले जाते तब उन्हें मन में यह विचार आया होता कि ब्राह्मण के मूत्र को कैसे लाँघूं। यदि आपके पति अगस्त्य से समुद्र को पीने की प्रार्थना करने की सोचते तो यह विचार होता कि एक बार अगस्त्य इस समुद्र को पी चुके हैं और मूत्र मार्ग से बाहर निकाला है। इसी से यह खारा है। उसी मूत्र के समान खारे समुद्र को अगस्त्यजी कैसे पियेंगे। मान भी लिया जाए कि श्रीराम के कहने से अगस्त्यजी समुद्र को पी जाते तो संसार में श्रीराम का बड़ा भारी अपयश ही होता कि श्रीराम ने अपने स्वार्थ को पूरा करने के लिए एक ब्राह्मण को मूत्र पिलाया। इन्हीं बातों को सोचकर धर्मात्मा श्रीराम ने अगस्त्यजी से समुद्र पीने को नहीं कहा। एवं संमंत्र्य रामेण स्वकीर्त्यै सेतु बन्धनम्। कृतं केनापि न कृतं न कोऽप्यग्रे करिष्यति।।

**येन रामेण जलधौ शिला~ संतारिता~पुरा। सोऽयं दाशरथी रामश्चेति ख्यातिं गतो भुवि।।**

# हमारा कानून खुद कैद में है

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

भारत को आजाद हुए 75 साल होने को हैं लेकिन जरा हम सोचें कि हमारे जीवन के कौन-कौनसे ऐसे क्षेत्र हैं, जिनमें हम पूरी तरह से आजाद हो गए हैं? हमारे न्याय शासन, प्रशासन, शिक्षा, चिकित्सा, भाषा आदि सभी क्षेत्रों में हमने कुछ प्रगति जरुर की है लेकिन इन सभी क्षेत्रों में अंग्रेजों की गुलामी ज्यों की त्यों बरकरार है। विदेशों से कोई भी उत्तम और आधुनिक साधन और ज्ञान को स्वीकार करने में हमें कोई संकोच नहीं करना चाहिए लेकिन उसकी चकाचौंध में फंसकर अपने पूर्वजों की महान उपलब्धियों को ताक पर रख देना कहां तक ठीक है? न्याय के क्षेत्र में अंग्रेजी कानून-पद्धति को आज तक किसी भी सरकार ने चुनौती नहीं दी है। भारत में ऐसी सरकारें भी बनी हैं, जिनके नेता भारतीय गौरव और वैभव को लौटा लाने के सपने दिखाते रहे लेकिन सत्तारुढ़ होते ही वे उन नौकरशाहों की नौकरी करने लगे, जो अंग्रेजी टकसाल में ढले सिक्के हैं। यह थोड़ी प्रसन्नता की बात है कि आजकल हमारे सर्वोच्च न्यायालय के कुछ प्रमुख न्यायाधीश भारतीय न्याय-व्यवस्था को अंग्रेजों की टेढ़ी-मेढ़ी न्यायप्रणाली से मुक्त करने की आवाज उठाने लगे हैं। भारत के मुख्य न्यायाधीश एन वी रमना तो इस बारे में अपने दो-टूक विचार पेश कर ही चुके हैं लेकिन पिछले हफ्ते इसी अदालत के जज एस. अब्दुल नजीर ने जोरदार तर्क और तथ्य पेश करते हुए कहा है कि भारत की न्याय-व्यवस्था से उपनिवेशवादी मानसिकता को यथाशीघ्र विदा किया जाना चाहिए। उसका भारतीयकरण नितांत आवश्यक है। यह ठीक है कि वर्तमान सरकार ने अंग्रेजों के बनाए हुए कई छोटे- मोटे कानूनों को रद्द करने का अभियान चलाया है लेकिन भारत की मूल कानूनी व्यवस्था आज भी जितना न्याय करती है, उससे ज्यादा अन्याय करती है। करोड़ों मुकदमे बरसों से अदालतों में लटके रहते हैं। वकीलों की फीस बेहिसाब होती है। अंग्रेजी की बहस और फैसले मुवक्किलों के सिर पर से निकल जाते हैं। भारत में इंसाफ तो जादू-टोना बन गया है। हमारे जज और वकील अपने तर्कों को सिद्ध करने के लिए ब्रिटिश और अमेरिकी नजीरों को पेश करते हैं। हमारे वकीलों और जजों को यह पता नहीं कि दुनिया की सबसे प्राचीन और विशद न्याय-व्यवस्था भारत की ही थी। भारत के न्यायशास्त्रियों- मनु, कौटिल्य, कात्यायन, बृहस्पति, नारद, पाराशर, याज्ञवल्क्य आदि को हमारे कानून की कक्षाओं में क्यों नहीं पढ़ाया जाता? यह जरुरी नहीं है कि उनके हर कथन को मान ही लिया जाए।

# मेकअप बॉक्स को साफ करने के लिए अपनाएं ये आसान तरीके



अगर आप अपने तरह-तरह के मेकअप प्रोडक्ट्स को सुरक्षित रखने के लिए मेकअप बॉक्स का इस्तेमाल करते हैं तो क्या आपने कभी इसकी सफाई पर ध्यान दिया है? शायद नहीं। आप ही नहीं, ऐसी कई महिलाएं हैं, जो मेकअप प्रोडक्ट्स का रोजाना इस्तेमाल तो करती हैं, लेकिन इसके बॉक्स को साफ करना भूल जाती हैं और उनकी यहीं गलती मेकअप प्रोडक्ट्स को खराब करने का काम कर सकती है। आइए मेकअप बॉक्स साफ करने के तरीके जानते हैं।

### सैंड पेपर का करें इस्तेमाल

अगर आप अपने मेकअप बॉक्स को साफ कर रहे हैं तो पहले इसमें लगे मेकअप प्रोडक्ट्स के दाग साफ करें। इसके लिए आप सैंड पेपर का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए अपने मेकअप को पूरी तरह से खाली करें, फिर सैंड पेपर को मेकअप बॉक्स की उन जगहों पर हल्का रगड़े, जहां मेकअप है। ध्यान रखें कि अगर आप मेकअप के दाग को हटाए बिना ही सीधे बॉक्स को धोना शुरू कर देंगे तो वह और गंदा हो जाएगा।

### गुनगुने पानी और डिशवॉश लिक्विड से करें साफ

मेकअप बॉक्स की सफाई के लिए आप गुनगुने पानी और डिशवॉश लिक्विड का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए एक कप गुनगुने पानी में थोड़ा सा डिशवॉश लिक्विड अच्छे से मिलाएं, फिर इस मिश्रण को मेकअप बॉक्स में डालकर कुछ मिनट के लिए ऐसे ही छोड़ दें। इसके बाद बॉक्स को सामान्य पानी से धोकर हवा वाली जगह पर रख दें ताकि यह सूख जाए और आप इसका जल्दी इस्तेमाल कर सकें।

### नींबू भी है कारगर

मेकअप बॉक्स को साफ करने के लिए नींबू का इस्तेमाल भी कारगर साबित हो सकता है। इसके लिए एक बड़े बर्तन में गर्म पानी के साथ एक कप नींबू का रस मिलाएं, फिर इस मिश्रण में गंदे मेकअप बॉक्स को लगभग 5-10 मिनट के लिए डुबोकर छोड़ दें। 10 मिनट बाद बॉक्स को मिश्रण से बाहर निकालें और इसके अंदर से भी मिश्रण को निकाल दें। इसके बाद बॉक्स को साफ पानी से धोकर सुखा दें।

### नमक और सिरके का करें इस्तेमाल

मेकअप बॉक्स को साफ करने के लिए नमक और सिरके का इस्तेमाल किया जा सकता है। इसके लिए एक कटोरी में एक चौथाई कप पानी भरें, फिर इसमें चार चम्मच सिरका और एक चम्मच नमक मिलाएं। अब इस मिश्रण को बॉक्स के अंदर डालकर 15 मिनट के लिए ऐसे ही छोड़ दें।

## अक्षय की डेब्यू वेब सीरीज द एंड अगस्त, 2022 में होगी रिलीज



अक्षय कुमार अपनी हालिया रिलीज हुई फिल्म बेल बॉटम को लेकर लाइम लाइट में हैं। अक्षय की यह फिल्म कोई खास कमाल नहीं कर पाई है। वह काफी समय से अपनी डेब्यू वेब सीरीज द एंड को लेकर सुर्खियों में रहे हैं। अब इस प्रोजेक्ट को लेकर एक बड़ी जानकारी सामने आ रही है। खबरों की मानें तो अक्षय की पहली सीरीज द एंड अगस्त, 2022 में अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज हो सकती है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अक्षय की सीरीज द एंड अगले साल अगस्त में रिलीज होगी। लेट्स ओटीटी ग्लोबल ने अपने ट्विटर पोस्ट में लिखा, अक्षय की डिजिटल डेब्यू सीरीज द एंड की शूटिंग जनवरी, 2022 में शुरू होगी। तीन महीने की अवधि में दुनियाभर में इस सीरीज को शूट किया जाएगा। इस सीरीज को अगस्त, 2022 में रिलीज करने की योजना बन रही है। फिल्म बेल बॉटम के प्रमोशन के दौरान अक्षय ने खुलासा किया था कि वह अगले साल अपनी पहली वेब सीरीज की शूटिंग शुरू करेंगे। इस सीरीज का निर्माण विक्रम मल्होत्रा के अबुदंतिया एंटरटेनमेंट द्वारा किया जाएगा। एक्शन से भरपूर थ्रिलर सीरीज की घोषणा 2019 में की गई थी। सीरीज को 2021 में रिलीज करने की योजना बनाई गई थी, लेकिन कोरोना के कारण यह संभव नहीं हो पाया। यह सीरीज करोड़ों रुपये के बजट में बनाई जाएगी। द एंड में जूही चावला, सोहा अली खान, शहाना गोस्वामी, कृतिका कामरा, करिश्मा तन्ना और आयशा झुलका के नाम की चर्चा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अक्षय शुरुआत में इस प्रोजेक्ट के लिए राजी नहीं थे। अमेजन प्राइम ने उन्हें काफी मनाया था, जिसके बाद वह द एंड का हिस्सा बने थे। सीरीज को तीन सीजन में रिलीज किया जाएगा। पहले सीजन में करीब 6 एपिसोड दिखाने की चर्चा है।

# महामारी के दौरान असुरक्षा और डर का सामना करना सीखा: रेहाना पंडित



टेलीविजन अभिनेत्री रेहाना पंडित ने कोविड -19 महामारी के दौरान जिस असुरक्षा का सामना किया, उस पर खुलकर बात की है।

हालांकि, रेहाना का कहना है कि उन्होंने अपने डर का सामना करना सीख लिया है और अब वह अपने जीवन के साथ काफी सहज है। रेहाना ने कहा कि महामारी ने मुझे बहुत कुछ सिखाया है। मैंने सीखा है कि ऐसे समय में जीवित रहने के लिए वित्तीय स्थिरता की आवश्यकता होती है। सच कहूं, तो मुझे इतना दर्द और पीड़ा देखकर दुख हुआ क्योंकि लोग परेशान थे, उनकी नौकरियां चली गई थी, और उनके पास इस कठिन समय से बाहर निकलने का कोई रास्ता नहीं था। उन्होंने कहा कि असुरक्षा के बारे में बात करते हुए, मुझे लगता है कि हर कोई इसका सामना करता है। मैं यह नहीं कहूंगी कि मैं असुरक्षित नहीं हूं। मैं अपने काम, अपने जीवन और भविष्य को लेकर चिंतित हूं। मैं महामारी के दौरान भी असुरक्षित हो गई थी। मैं हर चीज के बारे में सोचती हूं, लेकिन मैं खुद को समझती हूं कि मैं अपने डर का भी सामना करूं। मैं अब अपने जीवन के साथ काफी सहज हूं। मुझे कुछ भी खोने का डर नहीं है। जीवन के लिए अपना मंत्र साझा करते हुए, अभिनेत्री ने कहा कि मैं इस सोच के साथ जीती हूं कि हम सभी इस दुनिया में भगवान द्वारा खाली हाथ लाए गए थे और उन्होंने हमें जीवन में एक उद्देश्य दिया है जिसे हमें पूरा करना है। यह मेरा नया जीवन मंत्र है।

# खराब आलोचना को मैं सकारात्मक रूप से लेती हूं:जैकलीन फर्नांडीज



अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज ने भूत पुलिस के अपने सह-अभिनेता अर्जुन कपूर के साथ एक चैट सत्र के दौरान कहा कि सोशल मीडिया की कुछ आलोचनाएं उनके लिए समझ में आती हैं और वह इसे सकारात्मक रूप से लेती हैं। अर्जुन ने बक बक विद बाबा नाम से एक सोशल मीडिया चैट सत्र शुरू किया है, जिसमें अभिनेता अपने उद्योग मित्रों और परिवार से उन चीजों का पता लगाने के लिए बात करेंगे, जिनके बारे में लोग नहीं जानते है। उन्होंने जैकलीन के साथ भी बात की। जहां उन्होंने अपने पहले क्रश, उनकी फिटनेस यात्रा और ट्रोल से निपटने के तरीके के बारे में सब कुछ बताया। गुंडे अभिनेता ने जैकलीन से पूछा, सोशल मीडिया पर आपने अपने बारे में सबसे घटिया बात क्या पढ़ी है?जैकी जवाब दिया कि बहुत सारी घटिया चीजें हैं। ठीक है, हम सभी इसे प्राप्त करते हैं। मैंने अपने बारे में पढ़ा कि मैं कितना भयानक लगती हूं, मेरा उच्चारण कितना भयानक है और मैं हिंदी कैसे बोलती हूं, मैं कैसी दिखती हूं, इस पर खराब आलोचना होती है। पर मैं इसे सकारात्मक रूप से लेती हूं। उन्होंने आगे कहा कि फिर, मुझे लगता है कि कुछ जगह सुधार हो सकता है। कुछ आलोचना ऐसी होता है जहां आपको लगता है कि यह व्यक्ति बुरा है। लेकिन कुछ जगह ऐसा नहीं होता है। अर्जुन से अपने पहले क्रश के बारे में जैकलीन ने कहा कि मेरा एक स्कूल में क्रश था, लेकिन मैं उसका नाम नहीं ले सकती, और रोमियो एंड जूलियट और टाइटैनिक और बैकस्ट्रीट बॉयज के रिकाडरे देखने के बाद मुझे लियोनाडरे डिकैप्रियो पर भी बहुत बड़ा क्रश था। उन्होंने आगे अर्जुन को बताया कि वह कभी भी ब्लाइंड डेट पर नहीं रही है। हॉरर कॉमेडी में चिरौंजी की भूमिका निभाने वाले अभिनेता ने फिर अभिनेत्री से पूछा कि खाना उनके लिए कितना महत्वपूर्ण है?

## शहनाज-दिलजीत की फिल्म हौसला रख का ट्रेलर रिलीज, दोनों की जोड़ी आ रही है सबको हंसाने

शहनाज गिल की नई पंजाबी फिल्म हौसला रख का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है. इस फिल्म में वह दिलजीत दोसांझ के साथ दिखाई देंगी. ट्रेलर रिलीज होते ही फैंस के बीच छा गया है. बिग बॉस 13 की फाइनलिस्ट शहनाज गिल ने एक्टिंग की दुनिया में कदम रख दिया है. शहनाज, दिलजीत दोसांझ और सोनम बाजवा की अपकमिंग मूवी 'हौसला रख' का ट्रेलर आज रिलीज हो गया है. इस फिल्म के ट्रेलर का फैंस एक लंबे समय से इंतजार कर रहे थे. फैंस सिद्धार्थ शुक्ला के निधन के बाद फैंस शहनाज की एक झलक के लिए तरस गए थे. लेकिन अब फैंस को शहनाह फिल्म के ट्रेलर में फाइनली दिखाई दी हैं. 2 मिनट 56 सेकेंड का ये ट्रेलर काफी मजेदार और कॉमेडी से भरपूर है फिल्म का ट्रेलर काफी मजेदार है. ट्रेलर में दिलजीत दोसांझ ने एक बार फिर से कॉमेडी का खूब तड़का लगाते हुए दिल जीता है. वहीं, शहनाज भी दमदार रोल में दिखाई दे रही हैं. जबकि एक्ट्रेस सोनम बाजवा काफी ग्लैमरस दिखी हैं. अगर हम ट्रेलर की बात करें तो दिखाया गया है कि शहनाज, दिलजीत के बच्चे की मां बन जाती हैं, लेकिन वो बच्चे को दिलजीत को सौंपकर चली जाती हैं. शहनाज के चले जाने के बाद तमाम परेशानियों को झेलते हुए दिलजीत अपने बेटे को पालते हैं. इसके बाद उनकी लाइफ में सोनम की एंट्री होती है, लेकिन तभी शहनाज भी वापस लौट आती हैं. ट्रेलर ट्विस्ट से भरा है, आगे क्या होता है कहानी में इसके लिए फैंस को फिल्म का इंतजार रहेगा. 'हौसला रख' की बात करें तो यह फिल्म 15 अक्टूबर को रिलीज होने वाली है. ट्रेलर के बाद अब फैंस को फिल्म का और भी बेसब्री से इंतजार है. ट्रेलर आने से पहले दिलजीत ने फिल्म का एक पोस्ट शेयर किया था, जिसमें उनके हाथ में एक बच्चा है और उनके अगल-बगल शहनाज और सोनम खड़ी हैं।

# विक्की कौशल अभिनीत मिस्टर लेले के एक खास गाने में दिखेंगे रणबीर कपूर



अभिनेता विक्की कौशल काफी समय से अपनी फिल्म मिस्टर लेले को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म का निर्माण करण जौहर कर रहे हैं। वहीं, शशांक खेतान के कंधे पर फिल्म के निर्देशन की जिम्मेदारी होगी। अब इस फिल्म से जुड़ी एक अहम जानकारी सामने आ रही है। खबरों की मानें तो बॉलीवुड अभिनेता रणबीर कपूर फिल्म के एक खास गाने में दिखेंगे। रणबीर के शामिल होने से फिल्म की स्टार कास्ट और मजबूत हो जाएगी। रिपोर्ट के मुताबिक, मिस्टर लेले के एक खास गाने में रणबीर अपनी मौजूदगी दर्ज करवाने वाले हैं। सूत्र ने कहा, करण और शशांक सॉन्ग के लिए रणबीर को लेने के लिए उत्सुक थे। रणबीर करण के बहुत करीब माने जाते हैं। अयान मुखर्जी की ब्रह्मास्त्र में अभिनय करने के अलावा रणबीर ने करण के निर्देशन में बनी फिल्म ऐ दिल है मुश्किल में भी काम किया है। बता दें कि ब्रह्मास्त्र को करण भी प्रोड्यूस कर रहे हैं। कहा जा रहा है कि यह एक मजेदार डांस नंबर होगा। इस गाने की शूटिंग रणबीर बुधवार से महबूब स्टूडियो में शुरू करने वाले हैं। रणबीर पिछले कुछ दिनों से इस सॉन्ग के लिए रिहर्सल कर रहे हैं। सूत्र की मानें तो यह एक सोलो ट्रैक है, जिसे गणेश आचार्य द्वारा कोरियोग्राफ किया जा रहा है। तनिष्क बागची और रोचक कोहली इस फिल्म के संगीत को कंपोज कर रहे हैं। यह गाना फिल्म का महत्वपूर्ण हिस्सा होगा। मिस्टर लेले का प्रोडक्शन लगभग खत्म हो चुका है। फिल्म की शूटिंग अक्टूबर में पूरी हो जाएगी। फिल्म में कियारा आडवाणी और भूमि पेडनेकर भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। विक्की फिल्म में महाराष्ट्रीयन शख्स के किरदार में नजर आने वाले हैं। वहीं, भूमि और कियारा के किरदार के बारे में कोई खास जानकारी सामने नहीं आई है। यह एक कॉमिक थ्रिलर फिल्म होगी। विक्की और कियारा इससे पहले लस्ट स्टोरीज में साथ काम कर चुके हैं। रणबीर के वर्कफ्रंट की बात करें तो आने वाले दिनों में उन्हें कई फिल्मों में देखा जा सकता है। रणबीर अयान मुखर्जी के निर्देशन में बनी फिल्म ब्रह्मास्त्र को लेकर चर्चा में हैं। इसके बाद वह करण मल्होत्रा की शमशेरा में दिखेंगे। इस फिल्म में उनके साथ संजय दत्त और वाणी कपूर भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगी। इसके अलावा वह फिल्म एनिमल मे नजर आएंगे। उन्हें लव रंजन की फिल्म में भी देखा जा सकता है।

# तुलसी की चाय पीने से मिलते हैं कई स्वास्थ्य लाभ, डाइट में जरूर करें शामिल



चाय और कॉफी के बिना कई लोगों की जिंदगी मानो अधूरी सी है। खासकर चाय में तो कई तरह के फ्लेवर मौजूद हैं। किसी को ग्रीन टी पसंद है तो कोई कड़क चाय या नींबू की चाय का जायका लेना पसंद करता है। वहीं, तुलसी की चाय पीने वालों की भी कमी नहीं है, क्योंकि इस चाय का सेवन शारीरिक समस्याओं से राहत देने में बेहद कारगर है। आइए इस चाय को बनाने का तरीका और इसके फायदे जानें।

### तुलसी की चाय बनाने का तरीका

सामग्रीः तुलसी की पांच से छह पत्तियां, एक कप पानी, एक चौथाई चम्मच चायपत्ती, थोड़ा सा दूध (वैकल्पिक), चीनी या शहद (स्वादानुसार)। चाय बनाने का तरीकाः सबसे पहले एक पैन में पानी को अच्छे से गर्म करें, फिर उसमें चायपत्ती डालें और जब पानी में उबाला आ जाए तो तुलसी की पत्तियां और दूध डालकर फिर से उबालें। अब चाय को एक कप में छानकर निकालें और इसमें शहद या चीनी मिलाकर इसका सेवन करें।

### सांस से जुड़ी समस्याओं के जोखिम को करें कम

तुलसी की चाय का सेवन सांस से संबंधित कई समस्याओं से राहत दिलाने में काफी मदद कर सकता है। एक शोध के अनुसार, यह चाय एंटी-ऑक्सीडेंट गुण से समृद्ध होती है, जो ब्रोंकाइटिस, अस्थमा और इओसिनोफिलिक लंग्स डिजीज (फेफड़े से जुड़ी बीमारी) आदि बीमारियों के जोखिम को कम कर सकती है। इसलिए सांस की बीमारियों से ग्रस्त लोगों के लिए तुलसी की चाय का सेवन करना बेहतरीन

### ब्लड प्रेशर को बेहतर तरीके से संचालित करने में है कारगर

ब्लड प्रेशर को बेहतर तरीके से संचालित रखने में भी तुलसी की चाय का सेवन फायदेमंद है। एक शोध के मुताबिक, तुलसी की चाय में एंटी-ऑक्सीडेंट के साथ-साथ कई पोषक तत्व मौजूद होते हैं, जिस कारण इसका पर्याप्त मात्रा में सेवन ब्लड प्रेशर को सही ढंग से संचालित करने में मददगार है। अगर कोई ब्लड प्रेशर से संबंधित दवा का सेवन कर रहा है तो डॉक्टर की सलाह लेकर उसकी जगह तुलसी की चाय का सेवन कर सकता है।

### मौसमी एलर्जी को दूर करने में है सहायक

अगर मौसम में बदलाव होते ही आपको एलर्जी की समस्या हो जाती है तो इससे बचाव के लिए तुलसी की चाय का सेवन लाभकारी सिद्ध हो सकता है। दरअसल, तुलसी की चाय में रोजमेरिनिक एसिड सम्मिलित होता है जो एंटी-एलर्जेनिक के साथ-साथ एंटी-इन्फ्लेमेटरी प्रभाव से युक्त होता है। ये दोनों प्रभाव मिलकर मौसमी एलर्जी से बचाव करने में सहायक हो सकते हैं। इसलिए सीजनल एलर्जी को दूर करने के लिए इस चाय को डाइट में शामिल किया जा सकता है।

### टाइप-2 मधुमेह ग्रसितों के लिए है बेहद लाभकारी

मधुमेह के जोखिमों को कम करने में भी तुलसी की चाय का सेवन कारगर है। एक शोध के अनुसार, इसमें एंटी-हाइपरग्लाइसेमिक एजेंट होते हैं।

## मेरे पिता की वजह से मैं आज एक कलाकार हूं: वामिका गब्बी



वेब सीरीज ग्रहण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री वामिका गब्बी याद करती हैं कि कैसे उनके पिता ने उन्हें और उनके भाई को प्रदर्शन कला का पता लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जिसने अंततः वामीका को अभिनय की ओर आकर्षित किया। वामीका ने कहा, मेरे पिता एक लेखक हैं और उन्होंने हमेशा यह सुनिश्चित किया कि मैं चंडीगढ़ में टैगोर थिएटर में होने वाले सभी नाटकों को देखूं। उन्होंने हमेशा मुझे और मेरे भाई को विभिन्न कला रूपों को सीखने के लिए प्रोत्साहित किया। वह मेरे स्तंभ हैं और उन्हीं की वजह से मैं आज एक कलाकार हूं। चंडीगढ़ की रहने वाली, अभिनेत्री अपने परिवार से बहुत जुड़ी हुई है और अपने पिता के साथ एक बहुत ही खास बंधन साझा करती है। उनके पिता एक लेखक हैं, पंजाब की साहित्य अकादमी के सदस्य हैं और उनकी 11 पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। अभिनेत्री अब आगामी मल्टी-स्टारर विशाल भारद्वाज की जासूसी-थ्रिलर खुफिया के लिए तैयार है जिसमें तब्बू, अली फजल और आशीष विद्यार्थी भी हैं। फिल्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाली है।

# मध्य प्रदेश के किसानों को सस्ता बीज और कृषि के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए मेरी होगी पहली प्राथमिकताः डॉ राजकुमार कुशवाहा

***दैनिक पुष्पांजली टुडे***

***शासकीय जमीन अतिक्रमण से मुक्त कराई जाएगी***



**भिण्ड ।** मध्य प्रदेश बीज फार्म विकास निगम के नवनियुक्त उपाध्यक्ष डॉ राजकुमार सिंह कुशवाह ने अपना पदभार ग्रहण करने के बाद विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान किसानों के प्रति संवेदनशील हैं किसानों को सस्ता से सस्ता बीच कैसे हम दिला पाए इसके लिए निगम अच्छा अच्छा कार्य कर मुख्यमंत्री की मंशा अनुसार हम आगे बढ़ें यह मेरी पहली प्राथमिकता है।किसान के खेत में अगर सस्ता बीच पहुंचेगा तो और वह आत्मनिर्भर कि हिसाब से जुड़ेगा यही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा है क्योंकि यह देश कृषि प्रधान देश है और सभी बीच अच्छी क्वालिटी के साथ किसानों को मिले यह मुख्यमंत्री की मंशा है । हम सब को मिलकर इस कार्य में एकजुट होकर लगना पड़ेगा और तभी हम किसानों को सस्ता भी चला पाएंगे द्य

उन्होंने विभागीय अधिकारियों से कहा कि ग्रामीण अंचलों में बीज विकास निगम की सरकारी जमीन पर जिन लोगों ने अवैध रूप से कब्जा किया है उसको भी हम मुक्त करवाएंगे जिस की सूची तत्काल उपलब्ध कराई जाए ताकि आगे की कार्रवाई शुरू की जा सके द्य

डॉ कुशवाहा ने कहा की बीज विकास निगम के माध्यम से किसानों को सर्व सुविधाएं बीज के क्षेत्र में दिलाई जाएंगे ताकि उन्हें कोई कठिनाइयां ना हो और उन्हें आसानी से बीज उपलब्ध हो सके उन्होंने कहा की मध्य प्रदेश के सभी जिलों बीज विकास निगम के निगम कार्यालयों का निरीक्षण कर अवस्थाएं और और बीज की उपलब्धता पर चर्चा करेंगे द्य

डॉ कुशवाहा ने कहा कि प्रदेश से किसान बीज के लिए बीच के लिए इधर-उधर भटकते हैं, अब कोई परेशानी नहीं होगी । बीज की गुणवत्ता पर विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित कर बीज वितरण में किसी भी प्रकार की कठिनाइयां ना हो इसके लिए विशेष रुप से ध्यान दिया जाए द्य

## विश्वास कैलाश सारंग के जन्म उत्सव पर भाजपा समर्थक मंच के सदस्यों ने गायो को हर चारा, बच्चों को फल बिस्कुट वितरण मनाया।





**ग्वालियर-** भाजपा समर्थक मंच ग्वालियर की टीम के द्वारा विश्वास कैलाश सारंग के जन्मदिन पर केक काटकर, बच्चों को फल बिस्कुट वितरण करके एवम गायों को चारा खिलाकर उत्साह के रूप में मनाया गया। इस कार्यक्रम में मध्य प्रदेश के संगठन महामंत्री आशीष तोमर, किरण सिंह संगठन मंत्री महिला मोर्चा, तृप्ति भटनागर मंत्री मध्य प्रदेश महिला मोर्चा, जिला अध्यक्ष कुसुम राठौर महिला मोर्चा एवं विशाल राठौर उपाध्यक्ष ग्वालियर एवं रामू गॉड जिला संगठन मंत्री मनबोध शर्मा जिला उपाध्यक्ष ग्वालियर एवं राजकुमार शर्मा जिला प्रभारी ग्वालियर एवं जितेंद्र सिंह खिलाफ कार्यवाहक अध्यक्ष ग्वालियर एवं वासुदेव शर्मा जिला उपाध्यक्ष ग्वालियर रानी कुशवाह जिला सचिव महिला मोर्चा ग्वालियर रानी चौरसिया जिला उपाध्यक्ष महिला मोर्चा एवं भाजपा समर्थक मंच की पूरी टीम उपस्थित रही।

## वन-टू-वन

### आज किसान कांग्रेस के नवनियुक्त



**जिला अध्यक्ष गजेंद्र सिंह भदोरिया का मेहगांव में हुआ भव्य स्वागत**

**दैनिक पुष्पांजली टुडे बृजपाल सिंह गुर्जर**

नवनियुक्त जिलाध्यक्ष गजेंद्र सिंह भदोरिया का मेहगांव मैं राठौर लॉज पर पधारे इस दौरान मिठाई खिलाकर उनका स्वागत किया गया उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए भदोरिया बधाई दी की नियुक्ति से संगठन को मजबूती मिलेगी इस दौरान प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री जगदीश शर्मा जी श्री लाल दिनकर एडवोकेट अरविंद राठौर महामंत्री राठौर समाज गिरीश दंडोतिया बबुआ संजू भदोरिया आदि लोग मुख्य रूप से उपस्थित रहे

### थाना मो पुलिस द्वारा एक बदमाश हो एक 12 बोर कि अधिया व एक जिंदा कारतूस के साथ किया गिरफ्तार

**दैनिक पुष्पांजली टुडे बृजपाल सिंह गुर्जर**

**भिंड** जिले अवैध सत्र की धरपकड़ हेतु श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय शैलेंद्र सिंह चौहान द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत



समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि इसी अभियान के अंतर्गत में थाना प्रभारी मो निरीक्षक शिव सिंह यादव द्वारा अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया और सूचना प्राप्त की ग्राम गुहिसर मदनपुरा आम रोड पर एक व्यक्ति हथियार लिए घूम रहा है सूचना पर आरोपी नीतू उर्फ नेतराम परिहार पुत्र किशन परिहार निवासी ग्राम गुहिसर के कब्जे से देसी हाथ की बनी हुई एक 12 बोर की अधिया और एक 12 बोर का जिंदा कारतूस बरामद किया गया और शिव सिंह यादव ने अपनी सूझबूझ के साथ उन्होंने आरोपी को मौके जाकर दबोचा और आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय गोहद में पेश किया गया

### सराहनीय भूमिका

पुलिस थाना मौ के निरीक्षक शिव सिंह यादव उप निरीक्षक नितेंद्र सिंह मावई आरक्षक जहीर मोहम्मद आरक्षक ओमवीर की सराहनीय भूमिका रही

### ड्राइवर यूनियन की कार्यकरणी गठित सलीम बने जिला अध्यक्ष बलदेव को उपाध्यक्ष की मिली जिम्मेदारी



**पुष्पांजलि टुडे ब्यूरो विनोद पाठक**

श्योपुर दीनदयाल बस स्टैंड श्योपुर में बुधवार को ड्राइवर यूनियन श्योपुर की एक बैठक आयोजित की गई जिसमें पूर्व जिला अध्यक्ष ओम राव ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए सर्वसम्मति से जिले के ड्राइवर यूनियन की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा करी जिसमें सलीम को जिला अध्यक्ष और बलदेव को जिला उपाध्यक्ष का पद भार दिया गया जिला अध्यक्ष बनने के बाद सलीम ने कहा कि ओम राव ने जिस तरह पिछले 15 साल ड्राइवर यूनियन का अध्यक्ष पद सम्भालते हुए ड्राइवरों के हित में कार्य किया है आगे मैं भी उनके जैसा ही कार्य करने की कोशिश करूंगा मेरे द्वारा कहीं भी ड्राइवरो के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा वहीं जिला उपाध्यक्ष बलदेव ने कहा कि हम सब मिलकर ड्राइवरों की हक की लड़ाई लड़ेंगे ।

## खेरागढ़ विधायक ने 66 छात्रों को वितरित की साइकिल

**संजय सिंह तोमर रिपोर्टर पीटीवी न्यूज़ खेरागढ़**



**खेरागढ़।** उप्र भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित संत रविदास शिक्षा सहायता योजना के अंतर्गत बुधवार को खेरागढ़ विधायक महेश गोयल ने खेरागढ़ खण्ड के 66 गरीब स्कूली छात्र-छात्राओं को साइकिल वितरित की। साइकिल पाकर सभी छात्र-छात्राओं के चेहरे चहक उठे।

साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को विकास खण्ड कार्यालय में किया गया। जिसमे क्षेत्रीय विधायक महेश गोयल ने खेरागढ़ के 66 गरीब छात्र-छात्राओं को साइकिल वितरित की। इस मौके पर विधायक महेश गोयल ने कहा कि किसी गरीब का बच्चा अब पैदल स्कूल पढ़ने नहीं जाएगा। प्रदेश सरकार ने गरीबों के बच्चों को निऽशुल्क साइकिल के साथ हर माह के हिसाब से सीधे खाते में नकद छात्रवृत्ति भी भेज रही है। भाजपा सरकार ने गरीबों के लिए लगातार योजना चलाकर उन्हें मजबूत बनाने का कार्य किया है। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि पूर्व की सरकारों ने गरीबों को लूटकर बस अपने घर भरे है। जिनके नेताओं के घरों की दीवारों से भी पैसा निकलता है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष मोहन गोयल, होतम सिंह सिकरवार, सहायक श्रम आयुक्त शेर सिंह, श्रम प्रवर्तन अधिकारी जेपी सिंह, एसके सिन्हा, कनिष्ठ सहायक मान सिंह आदि सहित सैकड़ों छात्र-छात्राएं और परिजन उपस्थित रहे।

## स्वामी विवेकानंद की मूर्ति में लगे टूटे पत्थर को हटाने अभाविप ने दिया ज्ञापन



**महेंद्र शर्मा, रिपोर्टर ग्वालियर संभाग, पुष्पांजली टुडे**

**मेहगांव।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मेहगांव के प्रतिनिधि मंडल ने नगरपरिषद सीएमओ योगेंद्र सिंह तोमर के नाम ज्ञापन दिया है। ज्ञापन में बताया है कि विद्यार्थी परिषद की मांग पर 4 वर्ष पूर्व नगर परिषद में स्वामी विवेकानंद जी की मूर्ति की स्थापना की गई थी। मूर्ति की स्थापना के तुरंत बाद ही अनावरण पत्थर को असामाजिक तत्वों के द्वारा तोड़ दिया गया था। अभाविप के भाग संयोजक अवनीश त्यागी ने बताया कि मूर्ति की स्थापना को 4 वर्ष बीत चुके हैं। लेकिन अभी तक प्रतिमा अनावरण के पत्थर को बदला नही गया है जिससे मूर्ति की सुंदरता खराब हो रही है। वहीं युवाओं के महापुरुष स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा की यह दुर्दशा विद्यार्थी परिषद बर्दास्त नही करेगी। परिषद के नगरमंत्री प्रशांत शर्मा ने बताया कि यदि नगरपरिषद अनावरण पत्थर को 7 दिन के अंदर नही बदलती तो विद्यार्थी परिषद महापुरुषों के सम्मान में उग्र आंदोलन करेगी। जिसकी पूरी जिम्मेदारी नगरपरिषद प्रशासन की होगी। ज्ञापन देने गए प्रतिनिधि मंडल में प्रांत कार्यकारणी सदस्य सचिन भदौरिया, मेहगांव भाग संयोजक अवनीश त्यागी, नगर मंत्री प्रशांत शर्मा, नगर सहमंत्री आकाश बाथम, संतोष गुर्जर, आकाश गुर्जर, विपिन बघेल,अभिषेक झा, सूरज दुबे, हर्ष झा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बन्नूर गांव रोटरी स्कूल में राष्ट्र कवि कुवेम्प की जयंती मनाई



**पुष्पाजंली टुडे**

**मैसूर** ञ्. टी.नरसीपुर के बन्नूर गांव स्थित रोटरी स्कूल में रोटरी क्लब की ओर राष्ट्र कवि कुवेम्प की जयंती मनाई गई द्यरोटरी क्लब के पूर्व अध्यक्ष व समाजसेवी डॉ.महेंद्र सिंह राजपुरोहित ने राष्ट्र कवि कुवेम्प तस्वीर पर पुष्प चढ़ाकर पूजा अर्चना की द्य बाद में उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि कवि कुवेम्प का जन्म एक सामान्य परिवार में हुआ द्य उन्होंने सभी धर्म सम्प्रदाय में जातीवाद छोड़ कर एक नजर से देखते हुए आपसी भाईचारा व एकता कायम रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई द्य उनके इस अपूर्व योगदान को लोग आज भी बड़ी श्रद्धा से स्मरण करते हैं द्य इस अवसर पर समाजसेवी बनूर महेन्द्र सिंह राजपुरोहित, नंजुडस्वामी, शिक्षक वादीराज,कारिकारिणी सदस्य वेंक्टप्रसाद, राजेंद्रा ,राजीव एंव महिला शिक्षक मन्जुला,सहित अन्य कई शिक्षिकाए व शिक्षक मौजूद थे।

## भाजपा किसान मोर्चा चलाएगा हर घर गाय अभियान : राजेन्द्र गुर्जर

***दैनिक पुष्पांजली टुडे***

***प्रत्येक गांव में बनेगी किसान समिति, जैविक खेती का अलख जगाएंगे।जिला स्तर पर किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) बनाकर करेंगे मार्गदर्शन***



**भिण्ड ।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा गौ आधारित जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए ग्राम स्तर पर अभियान चलाएगा। प्रत्येक घर में गौ पालन हो इसके लिए किसानों व ग्रामीणों को प्रेरित किया जाएगा। मोर्चा द्वारा जिला स्तर पर किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) तथा प्रत्येक ग्राम स्तर पर पांच सदस्यीय समिति गठित की जाएगी। ग्राम समिति के माध्यम से केंद्र व राज्य सरकार की कृषि आधारित योजनाओं व कार्यों का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। यह बात भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह गुर्जर ने कही।

भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह गुर्जर ने कहा कि ने गत माह गुजरात के आनंद में तीन दिवसीय सेमिनार हुआ था जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संबोधित किया था। प्रधानमंत्री मोदी ने जैविक खेती को बढ़ावा देकर खेती को रसायन मुक्त करने पर जोर दिया था। किसान मोर्चा गौ आधारित खेती को बढ़ावा देने के लिए कृत संकल्पित है। एक गाय के गोबर व गौमूत्र से 30 एकड़ कृषि भूमि पर जैविक खेती की जा सकती है। हर घर में गाय हो इसके लिए किसान मोर्चा जनजागरण व प्रेरित करेगा। किसान मोर्चा प्रत्येक ग्राम स्तर पर एक पांच सदस्यीय समिति बनाएगा। इसमें ग्राम संयोजक व चार सहसंयोजक रहेंगे। साथ ही जिला स्तर पर एक किसान उत्पादक संगठन गठित किया जाएगा। इनके माध्यम से किसानों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। जैविक खेती के लिए मिट्टी का परीक्षण, उन्नत किस्म के बीजों की उपलब्धता व उपज को उचित लाभकारी मूल्य दिलाने के लिए बाजार उपलब्ध कराया जाएगा ।मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष गुर्जर ने जैविक कपास की खेती के नाम पर हो रहे फर्जीवाड़े के सवाल पर कहा इस विषय पर तथ्यों के साथ कृषि मंत्री को अवगत कराएंगे। श्री राजपूत ने कहा कांग्रेस को किसानों के मामले में बोलने का कोई अधिकार नहीं है क्योंकि कांग्रेस ने किसानों के हित में कभी भी कोई उल्लेखनीय कार्य नहीं किया है। भाजपा की केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मप्र में मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान की सरकारें किसानों के हित में निरंतर कार्यरत है। खेती को लाभ का धंधा बनाने की दिशा में तेजी से अग्रसर है।

## विद्या भारती की शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित हुई

***दैनिक पुष्पांजली टुडे***



**ग्वालियर ।** विद्या भारती मध्य भारत प्रांत द्वारा मार्गदर्शित ग्वालियर विभाग द्वारा आयोजित तीन दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला नदीद्वार ग्वालियर में आयोजित की गई।

शिक्षकों को संबोधित करते हुए प्रांत प्रशिक्षण प्रमुख नारायण चौहान ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 से भैया बहिनों का तकनीकी एवं कौशल विकास होगा। पहले भारत में शिक्षा थी लेकिन अब शिक्षा के केन्द्र में भारत होगा। जैसे सरस्वती शिशु मन्दिर विद्यालयों में प्रतिदिन सरस्वती वन्दना में आचार्य- छात्रों द्वारा जग सिरमौर बनाएं भारत की स्तुति की जाती है। हमें पूर्ण विश्वास है कि आने वाले समय में निश्चत ही हमारा भारत पुनः विश्वगुरु बनेगा।

हृश्वक्क20 कार्यशाला के माध्यम से गांव-नगर में जाकर शिक्षक, छात्र, अभिभावक, संयोजक मंडल एवं सभी प्रबुद्ध वर्ग को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन हेतु सम्पर्क, गोष्ठी एवं परिचर्चा आयोजित करनी होगी। अपने उद्बोधन श्री चौहान ने बोधगया, कहानी एवं वीडियो क्लिप के तकनीकी प्रयोग के द्वारा विस्तार से जानकारी दी।

शिशु वाटिका के प्रांत प्रमुख एवं राघौगढ़ के जिला प्रमुख श्रीराम दयाल लहरपुरे ने कहा कि हमें अपने आचरण से गीत गुनगुनाते हुए छात्रों को कहानी लघुकथा सुनाकर पढ़ाना है। उनके अंदर सृजनात्मकता, तकनीकी, संवेदनशीलता, बुद्धिमत्ता सामाजिक समरसता,स्पर्श करके एवं वस्तुओं को देख कर पहचान की समझ विकसित करनी होगी।

अतिथि परिचय भिंड जिला प्रमुख राजेन्द्र सिंह ठाकुर ने कराया* अतिथि स्वागत नंदराम जी बघेल एवं मदन मोहन सिंह ने किया।

कार्यशाला में विभाग प्रमुख रघुराज सिंह चौहान मुकेश दांगी राम प्रसाद राठौर,राहुल तिवारी,महावीर सिंह घुरैया, कौशलेंद्र सेंगर,अवधेश सिंह बघेल, श्रीमती श्वेटी शर्मा, राकेश विश्वकर्मा एवं ग्वालियर, भिंड, दतिया, मुरैना जिले से आचार्य-दीदी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ फतेहपुर सीकरी जिले के सैया खंड में स्वराज का अमृत महोत्सव का कार्यक्रम मनाया गया कार्यक्रम में मुख्य

**संजय सिंह तोमर रिपोर्टर पीटीवी न्यूज़ खेरागढ़**



अतिथि सुप्रसिद्ध कथावाचक श्रद्धेय सुनील कौशल जी ने बताया यह भारत भूमि वह भूमि है जिस पर असंख्य देवताओं ने अवतार लिए यह भारत भूमि वह पुण्य भूमि है जिस भूमि पर 52 शक्ति पीठ विराजमान है यह भारत भूमि वह पुण्य भूमि है जिस भूमि पर अनेकानेक वीरों ने महापुरुषों ने जन्म लिया है इस पुण्य भूमि को पूर्व में कई भागों में विभाजित कर दिया हमें फिर से पुण्य भूमि को अखंड भारत बनाना है कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत कार्यवाह डॉ प्रमोद शर्मा ने कहा की ये देश वह देश है जहां मातृ शक्ति को नमन किया जाता है साथ ही बताया कि इस देश को स्वतंत्र कराने के लिए अनेक वीरों ने अपने प्राण न्योछावर किए है । पूर्ण स्वतंत्रता उस दिन मिलेगी जिस दिन अखंड भारत बनेगा ।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से विभाग के सह विभाग संघचालक रामवीर फौजदार विभाग सह संपर्क प्रमुख देवेंद्र त्यागी सह जिला संघचालक होतम सिकरवार जिला कार्यवाह बृजेश प्रताप सिसोदिया सह जिला कार्यवाह सुधीर एवं अभिषेक फौजदार जिला प्रचार प्रमुख राहुल सिंघल समाज सेवी सुधीर गर्ग एवं अन्य खण्ड एवं मण्डल स्तर के कार्यकर्ता उपस्थित रहे

## मुख्यमंत्री ने कोरोना नियंत्रण और वैक्सीनेशन कार्य की समीक्षा की

# नाइट कर्फ्यू के अलावा अभी कोई बंदिशें नहीं

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज कोविड नियंत्रण की समीक्षा के दौरान निर्देश दिए कि वर्तमान में संक्रमण के जो प्रकरण सामने आ रहे हैं, उन रोगियों के आयसोलेशन और उपचार के समुचित प्रबंध किए जाएँ। जल्द से जल्द संक्रमित व्यक्तियों को स्वस्थ करने पर फोकस किया जाए। फेस मॉस्क के उपयोग और रोको-टोको अभियान को निरंतर जारी रखा जाए। ऐसे प्रयास हों कि कहीं अधिक भीड़ की स्थिति निर्मित न हो। विवाह एवं अन्य समारोह में व्यक्तियों के बीच परस्पर दूरी का अवश्य ध्यान रखा जाए। सभी आवश्यक सावधानियों के साथ आर्थिक गतिविधियों के सुचारू संचालन का कार्य हो। प्रदेश में 03 जनवरी से 15 से 18 वर्ष आयु वर्ग के किशोरों का टीकाकरण शुरू हो रहा है। ऐसे बच्चे जिनका जन्म वर्ष 2007 या उसके पहले है, उनका 01 जनवरी से रजिस्ट्रेशन शुरू होगा। इसे टीकाकरण अभियान के रूप में संचालित किया जाए। प्रदेश में नाइट कर्फ्यू के अलावा अन्य कोई बंदिशें नहीं रहेंगी। सामाजिक गतिविधियाँ संक्रमण से बचाव के आवश्यक उपायों के साथ संचालित होंगी। प्रत्येक व्यक्ति शंका होने पर कोरोना टेस्ट अवश्य करवाएँ।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि विद्यालयों में 50 प्रतिशत क्षमता के साथ विद्यार्थियों की उपस्थिति की व्यवस्था जारी रहे। अभी स्थिति भले गंभीर नहीं, लेकिन सभी जरूरी ऐहतियात बरते जाना चाहिए। शिक्षा मंत्री और अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य प्रतिदिन स्थिति की समीक्षा भी करें। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 15 से 18 वर्ष आयु वर्ग के लिए टीकाकरण की घोषणा के पश्चात मध्यप्रदेश में प्रारंभ तैयारियों की समीक्षा भी की। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने देश में सर्वश्रेष्ठ वैक्सीनेशन कार्य के लिए मध्यप्रदेश के स्वास्थ्य विभाग को बधाई भी दी।



### प्रदेश में सिर्फ 9 प्रकरण, मुख्यमंत्री ने ली एक-एक प्रकरण की जानकारी

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने प्रदेश में ओमिक्रॉन के 9 प्रकरण के संबंध में विस्तार से जानकारी ली। इन संक्रमित रोगियों में से 7 प्रकरण में रोगी पूरी तरह स्वस्थ हो चुके हैं। अन्य दो भी स्वस्थ हो रहे हैं। रोगियों में गंभीर लक्षण नहीं पाए गए हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि कॉन्टेक्ट ट्रेसिंग पर अवश्य निगाह रखी जाए।

मंत्रालय में हुई बैठक में जनजातीय कार्य मंत्री सुश्री मीना सिंह और स्कूल शिक्षा राज्य मंत्री इंदर सिंह परमार, मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस, अपर मुख्य सचिव गृह डॉ. राजेश राजौरा उपस्थित थे। अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य मोहम्मद सुलेमान ने प्रेजेंटेशन दिया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रतिदिन समीक्षा की जाए। बैठक में बताया गया कि प्रदेश में आज कोरोना के 42 प्रकरण आए हैं। देश में कुल 6 हजार 358 मामले आए हैं। केरल और महाराष्ट्र में करीब डोज हजार प्रकरण आए हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को भारत के सभी प्रांतों के साथ विश्व के विभिन्न देशों में सामने आ रहे प्रकरण, किए जा रहे प्रबंध और व्यवस्था की जानकारी से भी अपडेट रहने के निर्देश दिए।

### मुख्यमंत्री के प्रमुख निर्देश

- विद्यालयों को वैक्सीनेशन केंद्र बनाया जाए। विद्यालयों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के साथ ही ड्रॉपआउट बच्चों को भी दिया जाए वैक्सीनेशन का लाभ।
- प्रदेश में लगभग 40 लाख विद्यार्थियों को वैक्सीन लगाने का अनुमान है। विद्यालयों में वैक्सीनेशन लगाने की व्यवस्था क्रमशः भिन्न-भिन्न स्थान पर भी की जाएगी। सभी पात्र बच्चों को वैक्सीन लगाई जाए।
- फ्रंटलाइन वर्कर्स, हेल्थ वर्कर्स और 60 वर्ष से अधिक आयु के गंभीर रोगों से प्रभावित लोगों को तीसरा डोज (प्री-कॉशन) लगाया जाना है। इस कार्य को पूरी प्राथमिकता दें।
- वैक्सीनेशन के लिए आवश्यक व्यवस्थाएँ और मैपिंग कार्य पूर्ण हो।
- प्रदेश में 60 हजार टेस्ट औसतन रोजाना हो रहे, यह व्यवस्था कायम रहे।
- नागरिक स्वास्थ्य समस्या होने पर नजदीक के स्वास्थ्य केन्द्र में जाकर परामर्श प्राप्त करें और टेस्ट भी करवाएं।
- प्रतिदिन कोविड नियंत्रण की बारीकी से समीक्षा की जाए।

### किशोरों के लिए वैक्सीनेशन की गाइड लाइन

एक अनुमान के अनुसार मध्यप्रदेश में टीकाकरण के लिए 15 से 18 वर्ष आयु समूह के करीब 48 लाख लाभार्थी होंगे। बैठक में जानकारी दी गई कि प्रदेश में इस आयु वर्ग के किशोरों के लिए कोविन-एप/कोविन पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन होगा। इनका तीन जनवरी से टीकाकरण किया जाएगा। किशोरों को कोवैक्सीन लगाई जाएगी। अपॉइंटमेंट ऑनलाइन या ऑनसाइट (वॉक-इन) भी बुक किया जा सकता है। ऐसे लाभार्थियों को सत्यापनकर्ता/वैक्सीनेटर द्वारा ऑनसाइट भी पंजीकृत किया जा सकता है। विद्यालय जाने वाले विद्यार्थियों को विद्यालयों में टीका लगेगा। शिक्षा विभाग इस अभियान में सहयोग करेगा। प्रत्येक विद्यार्थी को टीका लगवाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। प्रदेश के 17 हजार 892 विद्यालयों में 36.8 लाख विद्यार्थियों का नामांकन है, जो बच्चे स्कूल नहीं जाते, उन्हें भी स्कूलों के टीकाकरण केन्द्रों पर वैक्सीन लगाई जाएगी।



## दो बाइक में आमने-सामने से हुई भिड़ंत दोनों की हालत गंभीर

**संजय सिंह तोमर रिपोर्टर पीटीवी न्यूज़ खेरागढ़**

आपको बता दें कि पूरा मामला है खेरागढ़ के डाक बंगला का जहां पर दो बाइकों में आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत हुई जिसके कारण सोनू पुत्र बोगी राम उम्र लगभग 35 वर्ष ग्राम महुआ खेड़ा वही दूसरे व्यक्ति अंकुर पुत्र मोहन उम्र लगभग 25 वर्ष निवासी खेरागढ़ प्रथम बाइक नंबर श्न80ष्ह्य5613 वहीं दूसरी बाइकह्णश्न80ष्ह्न8474 में आमने सामने जोर दार भिड़ंत हुई वही सोनू पुत्र भोगीराम की हालत गंभीर बताई जा रही है स्थानीय लोगों द्वारा घायल बक्ति के घर पर सूचना दी गई वही आनन-फानन में समुदायक स्वास्थ केंद्र खेरागढ़ पर पहुंचे वही स्थानीय लोगों द्वारा पुलिस को सूचित किया गया मौके पर पहुंची पुलिस ने गंभीर व्यक्ति को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खेरागढ़ जा पहुंची जहां पर सोनू की हालत अत्यधिक गंभीर बताई जा रही है।

# सरकारी तालाब पर किया दबंगो ने कब्जा तहसीलदार ने थमाया नोटिस



**अनिल कुशवाह ब्यूरो**

**शिवपुरी-** खबर शिवपुरी के ग्राम सतेरिया देहात थाना क्षेत्र की है जहां दबंग लोगों ने सरकारी तालाब पर कब्जा कर लिया और तालाब की जुताई करके उस मैं गेहू की खेती कर ली । जिसका पता किसी भी शासन प्रशासन के अधिकारियों को नही चला ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्रामीण वासियों ने बताया की उक्त तालाब पर हमारे पालतू मवेशी पानी पीने के लिए जाते हैं लेकिन दबंग बादाम रावत पुत्र पंचू रावत एवं जगदीश रावत पुत्र पंचू रावत ने अवैध रूप से उक्त तालाब के पानी को अपने निजी पंप से निकाल दिया एवं तालाब को जोत दिया जो तालाब की जमीन खाली हुई जिसमें गेहूं की फसल बोदी ग्रामीण वासियों द्वारा उक्त व्यक्तियों से जमीन खाली करने को कहा तो उक्त व्यक्तियों ने गाली गलौज कर लड़ाई झगड़ा की नोबत पैदा कर दी एवं जान से मारने की धमकी देने लगे और इस प्रकार बरसों पुराने बड़े तालाब के पानी को खाली करके तालाब की जमीन के साथ तालाब की पार को भी जोतकर फसल आदि उगा दी। इसका विरोध करते हुए ग्राम वासियों ने दबंग के खिलाफ शिकायत हल्के के पटवारी ओर तहसीलदार को कर दी। जब तहसीलदार पटवारी और अमला मौके पर पहुंचा तो देखा उसमें 3 माह की फसल तैयार खड़ी हुई है और ग्रामीण वासी इस चीज का विरोध कर रहे हैं। शिवपुरी तहसीलदार नरेश चंद्र गुप्ता द्वारा बताया गया कि ग्राम सतरिया के सर्वे नंबर 233 ,234 रकबा 0.400 जोकि सरकारी रिकॉर्ड में तालाब के नाम पर दर्ज है उसमें सतेरिया के दबंगो द्वारा कब्जा कर लिया है उस दबंगों पर कार्यवाही के रूप में पर 5000 राशि का जुर्माना और 7 दिन के भीतर उक्त तालाब की जमीन खाली करने का आदेश दिया है 7 दिन के भीतर खाली न करने पर उक्त दबंगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी और बलपूर्वक जमीन को खाली करायी जाएगी।

# अपात्रों के आयुष्मान से सरकार को लाखों की चपत

### प्रदेश के 6 जिलों से फर्जी कार्ड से इलाज कराने का मामला सामने आया, फर्जी कार्ड बनाने वालों पर हो रही एफआईआर

**भोपाल।** प्रदेश में आयुष्मान कार्ड में फर्जीवाड़ा का मामला सामने आया है। प्रदेश के 6 जिलों से फर्जी आयुष्मान कार्ड से इलाज करा कर लाखों रूपए की चपत लगाई गई है। प्रदेश के ग्वालियर और भिंड में आयुष्मान कियोस्क संचालकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

दरअसल ये मामला फर्जी आयुष्मान कार्ड के जरिए लाखों के घोटाले से जुड़ा हुआ है। बताया जा रहा है कि 25 से अधिक कार्ड से 20 लाख रुपए का इलाज कराया गया, जिसकी चपत सरकार को लग चुकी है। सरकार जांच की बात कह रही है और दोषी लोगों पर सख्ती की तैयारी कर रही है।

केंद्र सरकार की आयुष्मान भारत योजना के तहत गरीबों को विभिन्न अस्पतालों में मुफ्त इलाज कराने की सुविधा दी जाती है। कोरोना काल के दौरान बड़ी संख्या में ऐसे आयुष्मान कार्ड धारकों ने अस्पतालों में मुफ्त इलाज करवा लिया है, जिनके कार्ड की फर्जी थे। प्रदेश के 6 जिलों से ऐसे मामले सामने आए हैं।

ग्वालियर के रामनिवास मांझी ने 6 फर्जी कार्ड बनाए। इनके माध्यम से 1 लाख 300 रुपये का इलाज करवाया। भिंड के अखंड प्रताप सिंह भदौरिया और वीरभान बंसल ने 6 फर्जी कार्ड बनाकर 10 लाख 67 हजार 550 रुपये का इलाज करवाया। इंदौर के विशाल कानूनगो ने 4 फर्जी कार्ड बनाए। इनके माध्यम से 1 लाख 4 हजार 975 रुपये का इलाज हुआ। भोपाल के मोहम्मद जैनुद्दीन ने 4 फर्जी कार्ड बनाए। इन कार्ड के जरिए 4 लाख 95 हजार 610 रुपये का इलाज करवाया गया। सीहोर के अरुण ठाकुर ने 3 फर्जी कार्ड बनाए। इनके इलाज के ऐवज में 76,560 रुपये सरकार ने भुगतान किए। विदिशा के रईस कुरैशी ने 3 फर्जी कार्ड बनाए। इनके जरिए 95 हजार 345 रुपये का इलाज हुआ।

### जिसका सम्मान सीएम ने किया उसी पर एफआईआर

मामले में हैरान करने वाली एक बात ये भी सामने आई थी कि सीएम शिवराज सिंह चौहान ने ग्वालियर के जिस रामनिवास झा का सबसे अधिक आयुष्मान कार्ड बनाने पर सम्मान किया था, उसके खिलाफ पड़ाव थाना पुलिस ने आयुष्मान फर्जीवाड़ा मामले में एफआइआर दर्ज की है। रामनिवास मांझी द्वारा बनाए गए कार्डों में बड़ा फर्जीवाड़ा हुआ है। भोपाल से हुई जांच में 6 कार्ड फर्जी निकले और उन कार्ड से शासन की आयुष्मान योजना का लोगों ने लाभ ले लिया। जिससे सरकार को दस लाख रुपये का चूना लगा।

### संदेह होने पर शुरू की गई जांच

आयुष्मान भारत निरामयम, मप्र की ओर प्राप्त जानकारी के अनुसार कुछ संदेहास्पद मामलों की जानकारी मिलने पर पिछले महीने से आयुष्मान कार्डों की जांच शुरू की गई। इसके तहत अभी तक 6 जिलों में 26 फर्जी आयुष्मान कार्ड पकड़े गए हैं। प्रदेश के सभी जिलों को जांच के दायरे में लिया गया है। बता दें कि प्रदेश में अब तक 2 करोड़ 58 लाख, 28 हजार 693 आयुष्मान कार्ड बने हैं। इन कार्डों के जरिए 11 लाख 84 हजार 478 लोग अस्पतालों से मुफ्त इलाज की सुविधा ले चुके हैं। प्रदेश में 467 सरकारी और 396 प्राइवेट अस्पतालों में आयुष्मान कार्ड से विभिन्न बीमारियों के मुफ्त इलाज की सुविधा उपलब्ध है।

## एस आर पत्रिका के चीफ एडिटर शाहनवाज खान बने भारतीय पत्रकार महासभा के प्रदेश सचिव।



**एंकर—** अपनी लेखनी से हर वक्त फिल्ड में रहकर जनजन की आवाज को उठाने वाले और लोकतंत्र के चौथे स्तंभ कहलाने वाले एस आर पत्रिका न्यूज के चीफ एडिटर, राष्ट्रीय मासिक पत्रिका महानगर ग्वालियर के प्रधान संपादक शाहनवाज खान को एक बार फिर सम्मान मिला है। वीओ– दरअसल पत्रकारों के अधिकारों एवं उनके कल्याण के लिए संघर्षरत भारतीय पत्रकार महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हसनेंन जाफरी, यूपी प्रदेश अध्यक्ष जैनम नवमी मध्यप्रदेश के राष्ट्रीय सचिव कपिल धाकड़, प्रदेश अध्यक्ष अरशद अली प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष मोहम्मद दारा खान की अनुशंसा पर विगत रोज मध्यप्रदेश के ग्वालियर जिले के युवा पत्रकार शाहनवाज खान को संगठन का मध्यप्रदेश का प्रदेश सचिव बनाया है। रविवार को संगठन की गठित की गई मध्यप्रदेश इकाई की नवीन कार्यकारिणी में संगठन के वरिष्ठ नेतृत्व में एस आर पत्रिका के चीफ एडिटर युवा पत्रकार शाहनवाज खान को प्रदेश सचिव नियुक्त किया है। पत्रकारों को संगठित और उनके हक के लिए सदैव लड़ाई लड़ने वाले युवा पत्रकार को मिली इस उपलब्धि पर प्रदेश के पत्रकार साथियों, स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों, विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधियों ने हर्ष प्रकट कर शाहनवाज खान को बधाई दी है। शाहनवाज खान ने भी सभी बरिष्ठजनों को आभार व्यक्त किया।

## पंचायत चुनाव के रद्द होने का कारण मुख्यमंत्री का संकल्प या गृहमंत्री का बयानःचौ राकेश सिंह



**पंकज त्रिपाठी स्टेट हेड दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भोपाल।** पूर्व मंत्री चौ राकेश सिंह चतुर्वेदी ने पंचायत चुनाव रद्द होने के लिए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह से स्पष्टीकरण मांगा है।पूर्व मंत्री चौ राकेश सिंह ने कहा कि 21 तारीख को कमलनाथ के द्वारा स्थगित प्रस्ताव लाया गया है, कि पिछड़े वर्ग के आरक्षण के बिना चुनाव नहीं कराया जाए जिसको मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नकार दिया, 23 तारीख को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने शासकीय संकल्प लाकर उन्होंने यह कहा कि बिना पिछड़े वर्ग के आरक्षण के बिना पंचायत चुनाव नहीं कराये जा सकते। 24 तारीख को गृहमंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा यह कहते हैं कि ओमिक्रोन और कोरोना की भयाभय स्थिति के कारण जनता के जीवन के साथ खिलवाड़ नहीं कर सकते अतः यह चुनाव नहीं कराये जा सकते।पूर्व मंत्री चौ राकेश सिंह ने कहा कि यह समक्ष नहीं आ रहा,कि एक दूसरे को नीचा दिखाने के लिए मुख्यमंत्री और गृहमंत्री जनता को बीच में क्यों पीस रहे हैं।उन्होंने दोनों नेताओं से कहा कि आप रोज स्टेटमेंट बदल रहे हैं।आपने खुद का लाया हुआ अपना अध्यादेश 27 तारीख को वापिस ले लिया।मध्यप्रदेश के वो लोग जो चुनाव लड़ना चाहते थे,जो किसान है,गाँव में रहते हैं जिनके पैसे ख़र्च हुए उन के ऊपर केस लग गए।मुख्यमंत्री शिवराज सिंह को माफ़ी मांगनी चाहिए और अपनी स्थिति स्पष्ट करना चाहिए।मुख्यमंत्री स्पष्ट करें कि गृहमंत्री की बात सही है या मुख्यमंत्री की बात सही है या फिर पूर्व मुख्यमंत्री व मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कमलनाथ का लाया हुआ प्रस्ताव आपने ठुकराया वो आपने गलती की है।



## कलेक्टर ने किया सौ विस्तरीय अस्पताल के लिए चिन्हित जगह का स्थल निरीक्षण।

**गोहद।** कोरोना की तीसरी लहर की आशंका को देखते हुए शासन व प्रशासन स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को चुस्त-दुरुस्त करना चाहता है। जिसके लिए पहले से स्वीकृत सौ विस्तरीय सिविल अस्पताल के लिए अधिकारियों व जन प्रतिनिधियों के द्वारा कई स्थानों का पूर्व में स्थल निरीक्षण किया गया। जिसमें भिंड कलेक्टर सतीश कुमार एस को गोहद गल्ला मंडी की जगह पसंद आई थी जिसके लिए उन्होंने पहले मंडी की जगह स्वास्थ्य विभाग को ट्रांसफर करने की कार्यवाही भी की थी परंतु मंडी बोर्ड की पूर्णतः सहमति न मिलने पर कार्यवाही आगे नहीं बढ़ सकी थी। मंडी बोर्ड के अधिकारीयों के द्वारा सोमवार के दिन एसडीएम शुभम शर्मा, तहसीलदार रामजी लाल वर्मा, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर आलोक शर्मा के साथ मंडी की पीछे की कुछ जगह देने पर सहमति बनी थी जिस पर आज भिंड कलेक्टर सतीश कुमार एस ने स्थल निरीक्षण के दौरान कुछ जगह मंडी बोर्ड की तथा कुछ मंडी के पीछे बैसली नदी के बगल से पढ़ी हुई शासकीय जमीन की सहमति बनी है जिस पर आगे की कार्रवाई के लिए गोहद राजस्व विभाग के द्वारा स्वास्थ्य विभाग को जमीन हस्तांतरित करने की प्रक्रिया व सहमति बनानी है।

# पूणे से साईकल यात्रा से मुबंई में करजाड़े वढेर पहुंचने पर श्रद्धालुओं का किया स्वागत

**पुष्पाजंली टुडे/नारायणलाल सैणचा**

**मुबंई —** करजाड़े सिरवी समाज सेवा संस्था करजाड़े पनवेल द्वारा भोजन प्रसाद व रात्रि विश्राम की व्यवस्था की गई भक्त गणों के लिए साईकल यात्रा पुणे से लाम्बिया पाली जाने वाले भक्तों की टीम लगभग शाम सात बजे आई माता मंदिर करजाड़े पहुंचे।जहां पहले सभी भक्तों का स्वागत समारोह आयोजित किया गया फिर महिलाओं द्वारा मंगल गीत व पुष्प वर्षा की गई। समाजिक कार्यकर्ता द्वारा जिससे साईकल यात्रा करने वाले भक्तों का



मनोबल बढ़े फिर महा आरती का आयोजन किया गया। उसके बाद महा प्रसाद दिया गया भक्तों को रात्रि विश्राम के लिए भेजे सक कार्यै के लिए योगदान देने वाले करजाड़े के जागृत युवा वर्ग ने बहुत सहारना की यह यात्रा की व हमेशा ऐसे ही जन यात्रा निकलती रहें जिससे हमारी सनातन संस्कृति बनी रहें और सुभकामनाएं दी की समाज सामाजिक कार्यकर्ता तेजाराम विनोद मेघाराम पुनाराम देदाराम नेमाराम रमेश पल्सपा रमेश कानाराम जी वोराराम नगाराम अशोक व मात्र शक्ति का सहयोग से सफल हुए वह सुबह जल्दी साईकल यात्रा में भाग लेने वाले भक्त मंडली को कलम्बोली आई माता मंदिर तक पहुंचाने में मदद की। और कलम्बोली वडेर अध्यक्ष टिकमाराम ने बहुत सहारना की मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं दी।

# भगवत शरण माथुर का सम्पूर्ण जीवन हमारे लिए आदर्श : कुलस्ते

### अमरकंटक में स्व माथुर को दी श्रद्धांजलि





**अनूपपुर।** स्वर्गीय भगवत शरण माथुर का सम्पूर्ण जीवन हम जैसे हजारों कार्यकर्ताओं और समाज के लिये आदर्श रहा है। उनके दिखलाए मार्ग पर चल कर ही हम उन्हे सच्ची श्रद्धांजलि दे सकते हैं। श्री नर्मदे हर सेवान्यास बरातीधाम अमरकंटक में 28 जनवरी, मंगलवार को स्व माथुर के श्रद्धांजलि कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपरोक्त विचार केन्द्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने व्यक्त किये। इस अवसर पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष विनोद गौंटिया, पूर्व मंत्री राजेन्द्र शुक्ला, सांसद जनार्दन मिश्रा, राघवेन्द्र गौतम, श्रीमती संपतिया उईके, श्रीमती हिमाद्री सिंह, अजय प्रताप सिंह, आलोक संजर,जय सिंह मरावी, रामलाल रौतेल, सुदामा सिंह, गिरीश द्विवेदी, ब्रजेश गौतम, मनोज द्विवेदी , संतोष लोहानी, श्रीमती प्रभा पनाडिया, रामगोपाल द्विवेदी, अंबिका तिवारी, मार्कण्डेय शर्मा, मुन्नू पाण्डेय, श्रवण उपाध्याय, इंद्राणी सिंह,कैलाश विश्नानी, आशुतोष अग्रवाल, सतीश तिवारी , दौलत मनवानी, गजेन्द्र सिंह के साथ शहडोल, अनूपपुर, उमरिया, रीवा, सतना से आए उपस्थित सैकड़ों लोगों ने स्वर्गीय माथुर जी को पुष्पांजलि अर्पित की।इस अवसर पर मंत्री राजेन्द्र शुक्ला ने कहा कि जब जीवन में कर्म करते हुए परमार्थ जुड़ जाए तो दुग्ध शर्करा योग बनता है। भागवत शरण माथुर का सम्पूर्ण जीवन हजारों लोगों के लिये आदर्श था। वे एक साधक थे,संत थे, पुण्यात्मा थे।गौंटिया ने कहा कि स्वर्गीय माथुर को पवित्र नगरी अमरकंटक से बहुत ही लगाव था। अमरकंटक उनके हृदय स्थल में बसता था। जिसके कारण उन्होने श्री नर्मदे हर सेवा न्यास की स्थापना की। उन्हे याद करते हुए श्री नर्मदे हर सेवा न्यास में तेरहवीं का कार्यक्रम संपन्न हुआ । भाजपा नेता एवं भारत विकास परिषद के पूर्व अध्यक्ष मनोज द्विवेदी ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि वे संघ के देवतुल्य प्रचारक रहे हैं। संघ और भाजपा में कार्य करते हुए उन्होंने मालवा, मध्य भारत एवं विंध्य क्षेत्र में विचारधारा युक्त समर्पित राजनीति की नींव रखी। 2003 में म प्र मे भाजपा की सरकार बनवाने में उन्होंने विंध्य क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह किया। उनके अचानक दुखद निधन से मुझ जैसे हजारों कार्यकर्ताओं को गहरा शोक हुआ है। इससे पूर्व न्यास के सचिव अजय प्रताप सिंह,रामलाल रौतेल, शिव चौधरी, उमेश पाण्डेय सहित वन्दे महाराज की विशेष उपस्थिति में शान्ति हवन - पूजन का आयोजन हुआ। तत्पश्चात् ब्राह्मण भोज किया गया। सैकड़ों लोगों ने न्यास में शान्ति मंत्र के साथ भोज में हिस्सा लिया।

# तानसेन समारोह : झील की लहरों की मानिंद उठी स्वर लहरियां

## बुधवार की प्रातःकालीन सभा में मधुर गायन-वादन से मंत्रमुग्ध हुए रसिक





ग्वालियर। झील में उठती लहरों की मानिद अठखेलियाँ करतीं सरोद व सितार से निकली मीठी-मीठी धुनें, बुलंद और सुरीली आवाज में घरानेदार गायकी। साथ ही भारतीय राग-रागनियों के साथ समागम करती इजरायली म्यूजिक की धुनें। यहाँ बात हो रही है भारतीय शास्त्रीय संगीत के सर्वाधिक प्रतिष्ठित महोत्सव ÷तानसेन समारोह÷ के तहत बुधवार को सजी प्रात्कालीन सभा की। इस सभा में संगीत मनीषियों ने अपने गायन-वादन से रसिकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### ध्रुपद केन्द्र की प्रस्तुति से शुरू हुई प्रातःकालीन सभा

तानसेन समारोह में बुधवार की प्रातःकालीन सभा की शुरुआत पारंपरिक ढंग से ध्रुपद केन्द्र ग्वालियर के आचार्यों और विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत ध्रुपद गायन से हुई। ध्रुपद गुरू श्री अभिजीत सुखदाणे के कुशल मार्गदर्शन में राग ÷ अहीर भैरव ÷ में अलापचारी के बाद धमार पेश किया। ध्रुपद रचना के बोल थे ÷चलो सखी बृजराज ÷। इसके बाद जलत सूल ताल में बंदिश ÷ दुर्गे भवानी÷ की मनोहारी प्रस्तुति दी। इस प्रस्तुति में श्री यखलेश बघेल और श्री अनुज प्रताप शामिल थे। पखावज पर श्री अनुज प्रताप ने संगत की।

### गायिकी का सौंदर्य बिखेर गए रमाकांत गायकवाड़....

संगीत सम्राट तानसेन की याद में आयोजित हो रहे राष्ट्रीय संगीत महोत्सव के मंच पर नई पीढ़ी के श्रेष्ठ शास्त्रीय संगीत गायकों में शुमार श्री रमाकांत गायकवाड़ का ख्याल गायन हुआ। उन्होंने ऐसा झूम के गाया कि रसिक सुर सरिता में गोते लगाते नजर आए।

मुंबई से पधारे श्री रमाकांत ने अपने गायन का आगाड़ राग तोड़ी से किया। विलंबित एक ताल में बड़ा ख्याल के बोल थे अब मोरे राम÷।इसके बाद दो छोटे ख्यालों का गायन किया। तीन ताल मध्यलय में निबद्ध प्रसिद्ध बंदिश के बोल थे ÷गरवा में का संग लागी÷ और द्रुत लय में निबद्ध बंदिश ÷अब मोरी नैया पार करो रे÷। दोनों ही बंदिशों को गाने में रमाकांत गायकवाड़ ने जो कमाल दिखाया वो काबिले तारीफ रहा । उनके सुर लगाने का ढंग ही निराला था।

किराना और पटियाला घराने की सभी विशेषताएं अपने गायन में समेटे हुए रमाकांत गायकवाड़ ने जब राग का विस्तार किया तो सुरों के फूल खिलते चले गए। उन्होंने विलंबित खयाल में लय को बड़ाते हुए बहलावों की शानदार प्रस्तुति दी।इसके बाद विविधता पूर्ण तानों ने रसिकों को रस विभोर कर दिया।

उन्होंने अपने गायन का समापन प्रसिद्ध ठुमरी ÷मोरे नैन लगेगी बरसात, बलम मोहि छोड़ न जाना÷ के सुमधुर गायन के साथ किया। मीठे मीठे सुरों में पगी यह प्रस्तुति रसिकों को विभोर कर गई। उनके साथ तबले पर श्री अनिल मोघे और हारमोनियम पर श्री महेश दत्त पांडेय ने गायन के अनुरूप कुशल संगत की।

### शिराज अली के सरोद वादन से रसिकों के कानों में घुली मिसुरी....

तानसेन समारोह के भव्य एवं आकर्षक मंच पर कोलकाता से पधारे प्रसिद्ध मैहर सांगीतिक घराने के सुयोग्य प्रतिनिधि उस्ताद शिराज अली खां ने सरोद से जमकर सुरवर्षा की। शिराज अली महान संगीतज्ञ बाबा अलाउद्दीन खां के पड़पोते हैं। उन्होंने अपने गायन के लिए राग ÷विलाशखानी तोड़ी÷ को चुना। इस राग में उन्होंने अलाप जोड़ झाला के बाद विलंबित गत की मनोहारी प्रस्तुति दी।सरोद के सुरों के जबरदस्त उतार-चढाव के बीच शिराज अली ने राग-रचनाओं की सृष्टि कर सुर और लय को इस तरह निबद्ध किया कि सम्पूर्ण प्रांगण सुरों के माधुर्य से भर गया । उन्होंने एक मधुर धुन निकालकर रसिकों के कानों में मिसुरी घोल दी। इसी के साथ अपने गायन को विराम दिया। बुधवार की प्रातःकालीन सभा में दूसरे कलाकार के रूप में शिराज अली की प्रस्तुति हुई। शिराज अली के साथ तबले पर सुप्रसिद्ध तबला वादक श्री हितेन्द्र दीक्षित, पखावज पर श्री मैनक विश्वास व सरोद पर श्री दिप्त नील भट्टाचार्य ने संगत की।

### पिता-पुत्र की जोड़ी ने युगल ध्रुपद गायन से दी गान मनीषी तानसेन को स्वरांजलि

तानसेन समारोह की छठी एवं बुधवार की प्रातःकालीन सभा में पिता-पुत्र की जोड़ी ने उच्चकोटि की ध्रुपद गायिकी पेश कर गान मनीषी तानसेन को सच्ची स्वरांजलि अर्पित की। कानपुर उत्तरप्रदेश से पधारे पंडित विनोद कुमार द्विवेदी एवं उनके सुयोग्य सुपुत्र आयुष कुमार द्विवेदी के युगल ध्रुपद गायन ने गुणीय संगीत रसिकों पर गहरी छाप छोड़ी।युगल गायन की शुरुआत राग भीम पलाशी से की।

---

तानसेन समारोह-2021

# सुर सम्राट तानसेन की जन्मस्थली बेहट में 30 दिसम्बर को प्रातःकाल सजेगी 8वीं संगीत सभा

## अंतिम सभा अब मुख्य समारोह स्थल यानि तानसेन समाधि परिसर में आयोजित होगी

ग्वालियर। तानसेन समारोह के आखिरी दिन यानि 30 दिसम्बर को सुर सम्राट तानसेन की जन्म/स्थली बेहट में प्रात्काल 10 बजे समारोह की आठवीं सभा का आयोजन होगा। यह सभा बेहट स्थित भगवान भोलेनाथ के मंदिर और झिलमिल नदी के किनारे घनी अमराई के बीच सजेगी। मौसम में हो रहे बदलाव को ध्यान में रखकर समारोह की नौवीं एवं आखिरी सभा के आयोजन स्थल में परिवर्तन किया गया है। यह संगीत सभा अब गूजरी महल के बजाय तानसेन समाधि के समीप उसी मुख्य मंच पर सजेगी जिस पर अभी तक की सात सभाएं आयोजित हुई हैं। बेहट में आयोजित होने वाली सभा का आगाज तानसेन कला केन्द्र बेहट के ध्रुपद गायन से होगा। इस सभा में श्री अभिषेक व्यास उज्जैन का गिटार वादन, श्री सुदीप भदौरिया ग्वालियर का ध्रुपद गायन एवं श्री संजय राठौर ग्वालियर व साथियों का तबला वादन होगा।

**नौवीं एवं अंतिम संगीत सभा में इनकी होगी प्रस्तुति**

लगातार बदल रहे मौसम की वजह से गूजरी महल की बजाय तानसेन समारोह के मुख्य मंच पर 30 दिसम्बर की सायंकाल आयोजित होने वाली संगीत सभा की शुरूआत शारदानाद मंदिर के ध्रुपद गायन से होगी। इसके बाद सुश्री वैशाली बकोरे इंदौर का गायन, सुश्री राधिका उम?कर द्वारा विचित्र वीणा वादन एवं सुश्री सानिया पाटनकर पुणे का गायन होगा।

---

## तहसील भवन निर्माण के लिए सरकारी जमीन से हटाया अतिक्रमण

**लगभग 1.18 हैक्टेयर बेशकीमती सरकारी जमीन मुक्त कराई**

ग्वालियर। तानसेन तहसील भवन का निर्माण हस्तिनापुर में किया जायेगा। राजस्व विभाग एवं हस्तिनापुर पुलिस थाना के संयुक्त दल द्वारा तहसील भवन के लिए लगभग 1.18 हैक्टेयर भूमि अतिक्रमण से मुक्त कराई। इस जमीन की कीमत लगभग 14 लाख रूपए आंकी गई है। अपर जिला दण्डाधिकारी श्री इच्छित गढपाले ने बताया कि हस्तिनापुर में मुख्य स?क मार्ग पर स्थित इस सरकारी जमीन पर गांव के कुछ लोगों द्वारा अतिक्रमण कर खेती की जा रही थी। राजस्व दल ने मौके पर पहुँचकर विधिवत जमीन का सीमांकन किया और जमीन से अतिक्रमण हटवाकर पीआईयू के उपयंत्री श्री यशवंत सिंह राजपूत को तहसील भवन निर्माण के लिये आधिपत्य सौंपा। इस कार्यवाही को तहसीलदार तानसेन तहसील श्रीमती वंदना यादव व राजस्व निरीक्षक श्री शिवसिंह कोरकू, क्षेत्रीय पटवारी तथा हस्तिनापुर थाना पुलिस ने अंजाम दिलाया।

## ग्वालियर पूर्व क्षेत्र से हटाया अस्थाई अतिक्रमण

ग्वालियर। नगर निगम के मदाखलत अमले द्वारा आमजनों को सुगम यातायात के लिए अस्थाई अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही निरंतर की जा रही है। जिसके तहत आज सिटीसेंटर, गोविन्द पुरी, पडाव क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई। मदाखलत अधिकारी ग्वालियर पूर्व श्री शैलेन्द्र सिह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कान्याल के निर्देश पर निगम के अमले द्वारा बुधवार को सनातन धर्म मन्दिर के सामने मुख्य मार्ग पर यातायात में अवरुद्ध फुटकर सब्जी मंडी एवं हाथ ठेला वालो को हटवाया गया। सामान जप्त किया गया। कुलपति निवास के सामने चौराहे पर मुख्य मार्ग से अस्थाई अतिक्रमण (हाथ ठेले ) हटाएं गए। सिटीसेंटर, गोविन्द पुरी, पडाव क्षेत्र पर किए गए अस्थाई अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान मदाखलत अमला, पुलिस बल एवं निगम का अमला उपस्थित रहा। इसके साथ ही पडाव क्षेत्र में उद्यान निरीक्षक श्री राजकुमार सिंह राजावत द्वारा वार्ड 32 में कार्यवाही कर कौटिल्य एकेडमी के पर्चे जब्त किये।

---

# लक्कड़खाने पर निगमायुक्त ने घर-घर जाकर पूछा सूखा और गीला कचरा अलग अलग देते हैं क्या आप



## वार्ड 53 में निगमायुक्त ने स्वच्छता का निरीक्षण कर, कर्मचारियों की प्रशंसा की

ग्वालियर। - नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल ने आज दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड 53 में लक्क? खाना पुल के पास स्वच्छता व्यवस्था का निरीक्षण किया तथा घर-घर जाकर नागरिकों से यह पूछा कि क्या वह सूखा व गीला कचरा अलग-अलग देते हैं क्या, जिसको लेकर नागरिकों ने बताया कि उनके घरों में दो-दो डस्टबिन है तथा वह सूखा व गीला कचरा अलग अलग करके ही देते हैं। जिसकी निगमायुक्त श्री कन्याल ने प्रशंसा की। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त श्री मुकुल गुप्ता, नोडल अधिकारी एसबीएम श्री मधु सोलापुरकर, स्वास्थ्य अधिकारी श्री भीष्म पमनानी, वार्ड मॉनिटर श्री सत्येंद्र सिंह सोलंकी एवं वार्ड 47 के वार्ड मॉनिटर श्री मनीष यादव, श्री राकेश सिंह कुशवाह, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी श्री अजय सिंह सहित संबंधित क्षेत्र के स्वच्छता निरीक्षक श्री रामचंद्र धौलपुरिया एवं डब्ल्यूएचओ पर स्थित रहे। दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड 53 स्थित लक्क?खाना पुल के पास बने निगम डिपो का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इसके साथ ही चौराहे पर बने सामुदायिक शौचालय का निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाएं व साफ-सफाई देखकर कर्मचारियों की प्रशंसा की। इसके साथ ही क्षेत्र में कचरा सैगरीगेशन का कार्य देखा तथा क्षेत्र के कचरे ठियों का निरीक्षण किया तो क्षेत्र के कचरा ठिये साफ पाए गए, तथा सभी स्थानों पर रंगोली बनी थी। जिसको लेकर क्षेत्र के नागरिकों ने स्वच्छता निरीक्षक श्री रामचंद्र धौलपुरिया के कार्य की तारीफ की, जिसको लेकर निगम आयुक्त श्री कन्याल ने मौके पर ही माला मंगा कर स्वच्छता निरीक्षक श्री रामचंद्र धौलपुरिया एवं क्षेत्र के डब्ल्यूएचओ श्री हरिप्रसाद का माला पहनाकर सम्मान किया। इसके साथ ही स्वच्छता कर्मियों से चर्चा कर उन्हें अपना कार्य सजगता से करने के लिए प्रोत्साहित किया। निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त श्री कन्याल ने अधिकारियों को निरंतर स्वच्छता व्यवस्था की मॉनिटरिंग करने एवं जन जागरूकता के लिए आम जनों के साथ सतत संपर्क बनाए रखने के निर्देश दिए।

---

## गांधी पार्क फूलबाग में अभियान चलाकर की सफाई



ग्वालियर। स्वच्छ भारत मिशन के तहत नगर निगम के पार्क विभाग द्वारा शहर के विभिन्न पार्कों को साफ व स्वच्छ करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत आज अपर आयुक्त श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर के निर्देशन में फूलबाग स्थित गांधी पार्क में विशेष अभियान चलाकर साफ सफाई कराई गई। पार्क अधीक्षक श्री मुकेश बंसल ने जानकारी देते हुए बताया कि शहर के सभी पार्कों को साफ व स्वच्छ रखने के लिए निरंतर अभियान चलाकर कार्यवाही की जा रही है, जिसके तहत सभी पार्कों को अभियान चलाकर सफाई कराई जाएगी। आज के अभियान में उद्यान पर्यवेक्षक श्री अंकित परिहार एवं पार्क विभाग के कर्मचारियो के साथ ही अन्य नागरिकों द्वारा भी सहयोग किया गया। समासेवी नागरिकों द्वारा भी श्रमदान कर स्वच्छता की शपथ ली गई।

## सिंधिया से हुआ मोहभंग, बरैया पुनः कांग्रेस के संग : डॉ. देवेन्द्र शर्मा

ग्वालियर। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र शर्मा ने सिंधिया समर्थक भाजपा नेता रामस्वरूप बरैया का ज्योतिरादित्य सिंधिया और भाजपा से मोह भंग होने पररामस्वरूप बरैया को पुनः कांग्रेस में शामिल कर लिया गया है और उनकी कांग्रेस में घरवापसी हुई है। रामस्वरूप बरैया युवा कांग्रेस के अध्यक्ष एवं कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष रह चुके है। रामस्वरूप बरैया ने शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए कांग्रेस परिवार में सम्मलित होते हुए कहा कि मैं भाजपा में जाने के बाद घुटन महसूस कर रहा था, पुनः कांग्रेस में वापसी करने पर मुझे गर्व महसूस हो रहा है, कांग्रेस ही ऐसी पार्टी है जो सभी वर्गो का सम्मान देती है।

## पंचायत चुनाव निरस्त किये जाने पर ग्रामीण जनता में रोष व्याप्त

**ग्रामीण जनता के साथ पक्ष और विपक्ष दोनों ने खिलबाड़ किया**

ग्वालियर, प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए अखिलभारतीय क्षत्रिय महा सभा के जिला अध्यक्ष महेंद्र सिंह तोमर ने जारी विज्ञप्ति में बताया कि पंचायत चुनाव निरस्त किये जाने पर आज दिनाक 29 दिसम्बर 2021 को सायकल 3 बजे इंद्रप्रस्थ गार्डन गोला का मंदिर पर एक आपातकाल बैठक जिला अध्यक्ष महेंद्र सिंह तोमर की अध्यक्षता में रखी गई जिसमें अथिति के रूप में राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष श्री सुरेंद्र सिंह तोमर एवं प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष श्री रामकुमार सिंह सिकरवार मुख्य रूप से उपस्थित थे। श्री सुरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि पंचायती चुनाव रद्द करने का कोई कारण नही था भाजपा एवम कांग्रेस दोनों नही चाहती थी कि चुनाव हो ,ग्रामीण लोगो के साथ जो खिलवा? किया गया उसे माफ नही किया जाएगा प्रत्याशियों को आर्थिक रूप से , मानसिक रूप से जो क्षति हुई उसका जबाब दोनों पार्टियों को आगामी समय मे दिया जायेगा।

---






---

## मूर्ति एवं चित्रकला प्रदर्शनी सांस्कृतिक संचेतना का संचार करती हैं : अपर संचालक श्री मौर्य

**मूर्तिकला एवं चित्रकला प्रदर्शनी के द्वितीय चरण का समापन**



ग्वालियर। रंग शिल्प समिति एवं ग्वालियर स्मार्ट सिटी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कला समारोह के दूसरे चरण की मूर्ति कला एवं चित्रकला प्रदर्शनी का समापन आज अपराहन 2:00 बजे अपर संचालक जनसंपर्क जी एस मौर्य के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ द्य उन्होंने कला समारोह के आयोजकों को साधुवाद देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में बौद्धिक और सांस्कृतिक संचेतना का संचार करते हैं द्य उन्होंने कलाकृतियों में समकालीन चेतना की भी सराहना की द्य उल्लेखनीय है कि द्वितीय चरण की समूह प्रदर्शनी में नगर के प्रख्यात मूर्तिकार और कलाकारों की पेंटिंग्स प्रदर्शित की गई। समापन अवसर पर कलाप्रेमी समाजसेवी भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष श्री कमल माखीजानी ने भी कलाकृतियों का अवलोकन किया द्य फाइन आर्ट कॉलेज के प्राचार्य श्री मधुसूदन शर्मा, रंग शिल्प समिति के अध्यक्ष श्री के पी श्रीवास्तव, प्रख्यात कलाकार सर्वश्री श्रीपाद मुकंद भांड, उमेंद्र वर्मा, आलोक शर्मा, गिरिराज गुप्ता, डॉक्टर संजय धवले,रमन भटनागर, सुभाष अरोड़ा, श्रीमती शोभा सक्सेना, स्नेह लता यादव, जिज्ञासा जादौन एवं राजबाला अरोरा भी इस अवसर पर उपस्थित थी

**केपी श्रीवास्तव और डॉक्टर संजय धवले की युगल प्रदर्शनी का उद्घाटन आज**

रंग शिल्प समिति और ग्वालियर स्मार्ट सिटी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 15 दिवसीय कला समारोह के तीसरे चरण में डॉ संजय धवले और केपी श्रीवास्तव की युगल प्रदर्शनी का उद्घाटन ग्वालियर स्मार्ट सिटी की सीईओ श्रीमती जयति सिंह के कर कमलों द्वारा गुरुवार 30 दिसंबर को सायं 4:00 बजे होगा द्य चार दिवसीय यह युगल प्रदर्शनी प्रतिदिन प्रातः 11:00 बजे से सायं 7:30 बजे तक दर्शकों के लिए खुली रहेगी द्य समिति नगर के सभी कला प्रेमियों से प्रदर्शनी का अवलोकन कर इस अवसर का लाभ उठाने का आग्रह करती है ।

---

# कार्यक्रम-आचार्यश्री विमल सागर महाराज का 27 वां समाधि दिवस मनाया

## मुनिश्री ने मंत्रो के साथ आचार्यश्री विमल सागर की प्रतिमा पर पंचामृतभिषेक किए

## महा पंचामृतअभिषेक देखकर मंदिर में जयकारों से गूॅज उठा..।

## इंद्रो ने पीले वस्त्र धारण कर भक्ति भाव से पंचअमृत से महामस्तकभिषेक किया।



विमल सागर महाराज की प्रतिमा पर पंचामृत महामस्तकभिषेक कर मनाया गया।

ग्वालियर। दाना ओली स्थित श्री दिगम्बर जैन बीसपंथी बडा जैन मंदिर प्रबंधक कमेटी ग्वालियर के तत्वाधान में राष्ट्रसंत मुनिश्री विहर्ष सागर महाराज ससंघ के मंगल सानिध्य में रत्नाकर स्मारक दिवाकर चारित्र चक्रवती आचार्यश्री विमल सागर महाराज का 27 वां समाधि दिवस महोत्सव पर आज बुधवार को आचार्यश्री जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि राष्ट्रसंत मुनिश्री विहर्ष सागर महाराज ने मंत्रो उचारणो के साथ आचार्यश्री विमल सागर महाराज की प्रतिमा पर जल, केशर, दूध, घी, दही, पुष्प, सर्व औषधि, आदि पंचअमृत से इंद्रो नें पीले वस्त्र धारण कर कलशों से महामस्तकभिषेक किया। जैसे ही महामस्तकभिषेक हुआ तो मंदिर में उपस्थित जैन समाज के लोगो जयकारों के साथ सभागार गूॅज उठा। आचार्यश्री विमल सागर महाराज की संगीतमय भजनों में झूमते हुए पूजा आर्चन कर अर्घ्य समपित कर नृत्य कर झुम उठे। मुनिश्री विहर्ष सागर महाराज ससंघ के चरणों में समिति के अध्यक्ष डॉ वीरेंद्र गंगवाल, अजित कासलीवाल, बंसत गोधा, विनय कासलीवाल, पंकज छाबड़ा, प्रमोद टोग्या संजय जैन, आदि ने श्रीफल चढ़ाकर आशीर्वाद लिया।

राष्ट्रसंत मुनिश्री विहर्ष सागर महाराज ने धर्मसाभ को संबोधित करते हुए कहा कि साधुओं का मानव जाति पर बहुत बड़ा उपकार है।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478